रजिस्ट्री सं० डी०-(डी०)-78

REGISTERED NO. D-(D)-78

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 42] नई दिल्ली, शनिवार, अक्तूबर 21, 1978 (आश्विन 29, 1900)

No. 42] NEW DELHI, SATURDAY, OCTOBER 21, 1978 (ASVINA 29, 1900)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके।

Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation.

भाग III—खण्ड 4

PART III—SECTION 4

विधिक निकायों द्वारा जारी की गई विविध अधिसूचनाएं जिसमें कि आदेश, विज्ञापन और सूचनाएं सम्मिलित हैं।

[Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies]

भारतीय स्टेट बैंक

केन्द्रीय कार्यालय

बम्बई, दिनांक 19 सितम्बर 1978

इसके द्वारा बैंक के स्टाफ में की गयी निम्नलिखित नियुक्ति की अधिसूचना दी जाती है:—

श्री जी० सुब्रमणियन को केन्द्रीय कार्यालय के स्टाफ में दिनांक 6 सितम्बर, 1978 से उप शाखा निरीक्षक के पद पर नियुक्त किया गया है।

श्री पी० एस० लवाटे को केन्द्रीय कार्यालय के स्टाफ में दिनांक 11 सितम्बर, 1978 से उप शाखा निरीक्षक के पद पर नियुक्त किया गया है।

श्री एस० बी० राममूर्ति को केन्द्रीय कार्यालय के स्टाफ में दिनांक 15 सितम्बर, 1978 से उप शाखा निरीक्षक के पद पर नियुक्त किया गया है।

श्री वी० वी० जोशी को केन्द्रीय कार्यालय के स्टाफ में दिनांक 16 सितम्बर, 1978 से उप शाखा निरीक्षक के पद पर नियुक्त किया गया है।

वी० एस० नटराजन, प्रबन्ध निदेशक

संचार मंत्रालय

(डाक तार बोर्ड)

सूचना

नई दिल्ली, दिनांक 3 अक्तूबर 1978

सं० 25-159/78 एल० आई०—6871013-हव०/एस० के० टी०—बलबीर सिंह की क्रमांक एल-16791 दिनांक 6-8-77 को 5,000/- रुपए की डाक जीवन बीमा पालिसी विभाग के संरक्षण से गुम हो गई है। यह सूचित किया जाता है कि उक्त पालिसी का भुगतान रोक दिया गया है। उपनिदेशक, डाक-जीवन-बीमा, कलकत्ता को बीमेदार के नाम पालिसी की दूसरी प्रति जारी करने के अधिकार दे दिए गए हैं। जनता को चेतावनी दी जाती है कि मूल पालिसी के संबंध में कोई लेन-देन न करें।

सं० 25-160/78-एल०आई०—7109236 सी० एफ० एन० एस० पी० सिंह की क्रमांक एल-39805 दिनांक 1-4-1976 को 10,000/- रुपए की डाक जीवन बीमा पालिसी विभाग के संरक्षण से गुम हो गई है। यह सूचित किया जाता है कि उक्त पालिसी का भुगतान रोक दिया गया है। निदेशक, डाक-जीवन-बीमा, कलकत्ता को बीमेदार के नाम पालिसी की

दूसरी प्रति जारी करने के अधिकार दे दिए गए हैं। जनता को चेतावनी दी जाती है कि मूल पालिसी के संबंध में कोई लेन-देन न करें।

सं० 25-161/78-एल०आई०—14209525 ह्व० रामाकृष्णन राधाकृष्णन नायर की क्रमांक एल०-17688 दिनांक 20-10-75 को 5,000/- रुपए की डाक जीवन बीमा पालिसी विभाग के संरक्षण से गुम हो गई है। यह सूचित किया जाता है कि उक्त पालिसी का भुगतान रोक दिया गया है। निदेशक, डाक-जीवन-बीमा, कलकत्ता को बीमेदार के नाम पालिसी की दूसरी प्रति जारी करने के अधिकार दे दिए गए ह। जनता को चेतावनी दी जाती है कि मूल पालिसी के संबंध में कोई लेन-देन न करें।

सं० 25-162/78-एल० आई०—14518549 सिप०/क्लर्क अशोक कुमार प्रधान की क्रमांक एल-15501 दिनांक 16-7-75 को 5,000/- रुपए की डाक जीवन बीमा पालिसी विभाग के संरक्षण से गुम हो गई है। यह सूचित किया जाता है कि उक्त पालिसी का भुगतान रोक दिया गया है। निदेशक, डाक जीवन-बीमा, कलकत्ता को बीमेदार के नाम पालिसी की दूसरी प्रति जारी करने के अधिकार दे दिए गए हैं। जनता को चेतावनी दी जाती है कि मूल पालिसी के संबंध में कोई लेन-देन न करें।

सं० 25-163/78-एल० आई०—6906968 सिप०/क्लर्क जोगेन्द्र कुमार चनयल की क्रमांक एल०-17257 दिनांक 1-10-75 को 8,000/-रुपए की डाक जीवन बीमा पालिसी विभाग के संरक्षण से गुम हो गई है। यह सूचित किया जाता है कि उक्त पालिसी का भुगतान रोक दिया गया है। निदेशक, डाक-जीवन बीमा, कलकत्ता को बीमेदार के नाम पालिसी की दूसरी प्रति जारी करने के अधिकार दे दिए गए हैं। जनता को चेतावनी दी जाती है कि मूल पालिसी के सम्बन्ध में कोई लेन-देन न करें।

दिनांक 4 अक्तूबर 1978

सं० 25-164/78-एल० आई०—2458200 सिप० जोगेन्द्र सिंह की क्रमांक एल०-52748 दिनांक 28-2-76 को 10,000/- रुपए की डाक जीवन-बीमा पालिसी विभाग के संरक्षण से गुम हो गई है। यह सूचित किया जाता है। कि उक्त पालिसी का भुगतान रोक दिया गया है। निदेशक, डाक जीवन-बीमा, कलकत्ता को बीमेदार के नाम पालिसी की दूसरी प्रति जारी करने के अधिकार दे दिए गए हैं। जनता को चेतावनी दी जाती है कि मूल पालिसी के सम्बन्ध में कोई लेन-देन न करें।

दिनांक 3 अक्तूबर 1978

सं० 25-165/78-एल० आई०—3961819 सिप० जोगी राम की क्रमांक एल०-11965 दिनांक 10-6-75 को 5,000/- रुपए की डाक जीवन-बीमा पालिसी विभाग के संरक्षण से गुम हो गई है। यह सूचित किया जाता है कि उक्त पालिसी का भुगतान रोक दिया गया है। निदेशक, डाक जीवन-बीमा कलकत्ता को बीमेदार के नाम पालिसी की दूसरी प्रति जारी करने के अधिकार दे दिए गए हैं। जनता को चेतावनी दी जाती है कि मूल पालिसी के संबंध में कोई लेन-देन न करें।

सं० 25-167/78-एल० आई०—13937659 सिप० एन० ए० राम गोपाल वर्मा की क्रमांक एल०-37091 दिनांक 14-3-76 की 10,000/- रु० की डाक जीवन-बीमा पालिसी विभाग के संरक्षण से गुम हो गई है। यह सूचित किया जाता है कि उक्त पालिसी का भुगतान रोक दिया गया है। उपनिदेशक, डाक जीवन-बीमा, कलकत्ता को बीमेदार के नाम पालिसी की दूसरी प्रति जारी करने के अधिकार दे दिए गए हैं। जनता को चेतावनी दी जाती है कि मूल पालिसी के संबंध में कोई लेन-देन न करें।

सं० 25-168/78-एल० आई०—14517406 सिप०/क्लर्क आर० डी० हवलदार की क्रमांक एल०-65513 दिनांक 6-9-75 को 3,000/- रुपए की डाक जीवन बीमा पालिसी विभाग के संरक्षण से गुम हो गई है। यह सूचित किया जाता है कि उक्त पालिसी का भुगतान रोक दिया गया है। निदेशक, डाक जीवन-बीमा कलकत्ता को बीमेदार के नाम पालिसी की दूसरी प्रति जारी करने के अधिकार दे दिए गए हैं। जनता को चेतावनी दी जाती है कि मूल पालिसी के सम्बन्ध में कोई लेन-देन न करें।

ह० अपठनीय
निदेशक (डाक जीवन बीमा)

भारतीय औद्योगिक वित्त निगम

नई दिल्ली-110001, दिनांक 30 सितम्बर 1978

सूचना

सं० 5/78:—एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि बुधवार, 29 नवम्बर, 1978 को सांय 4.00 बजे (मानक समय) भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के (औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 10(1)(ग) में उल्लिखित शेयरधारियों, अर्थात्, अनुसूचित बैंकों) शेयरधारियों की विशेष महासभा, निगम के प्रधान कार्यालय, बैंक आफ बड़ौदा बिल्डिंग (आठवीं मंजिल), 16 संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001 में होगी, जिसमें निम्नलिखित कार्यवाही की जायेगी :—

श्री बी० के० वोरा के निधन से हुई आकस्मिक रिक्ति के भरने के लिये औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 10 की उप-धारा (1) के खण्ड (ग) में उल्लिखित शेयरधारियों, अर्थात्, अनुसूचित बैंकों, का प्रतिनिधित्व करने के लिये एक संचालक का चुनाव। इस प्रकार चुना गया संचालक उक्त अधिनियम की धारा 11 की उपधारा (3) की शर्तों के अधीन उसके पूर्वाधिकारी की

शेष अवधि, अर्थात्, 24 सितम्बर, 1979 (कार्य समापन) तक पदासीन रहेगा।

बलदेव पसरीचा,
अध्यक्ष

नई दिल्ली-110001, दिनांक 29 सितम्बर 1978

सं० 4/78—भारतीय औद्योगिक वित्त निगम की अधिसूचना सं० 3/78 दिनांक 12 सितम्बर, 1978 (भारत के राजपत्र भाग 3 खण्ड 4 दिनांक 16 सितम्बर, 1978/भाद्र 25, 1900 के पृष्ठ 1500 और 1502 पर प्रकाशित) के अनुक्रम में और निगम के सामान्य विनियमों के विनियम 60 और 34 के साथ पठित विनियम 58 के अनुरूप मै० रे एण्ड रे, सनदी लेखापाल, 6 चर्च लेन, कलकत्ता-700001 को औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम 1948 की धारा 34 की उपधारा (1) के अधीन उपरोक्त अधिनियम की धारा 4 की उप-धारा (3) में उल्लिखित पार्टियों द्वारा अन्य प्रत्याक्षी, अर्थात्, मै० हरिभक्ति एण्ड कम्पनी, सनदी लेखापाल, बाम्बे मैन्यूल चैम्बर्स, 19/20, अम्बालाल डोशी मार्ग, फोर्ट, बम्बई-400023, द्वारा नामांकन वापिस ले लेने के फलस्वरूप निगम के शेयरधारियों की, सोमवार, 25 सितम्बर 1978 को हुई महासभा में निर्वाचित घोषित किया गया।

डी० एन० डावर, संयुक्त महाप्रबन्धक

श्रम मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 1978

सा० का० नि० —केन्द्रीय बोर्ड, कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबन्ध अधिनियम, 1952 (1952 का 19) की धारा 5घ की उपधारा (7) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार के अनुमोदन से, कर्मचारी भविष्य निधि (कर्मचारिवृन्द और सेवा की शर्तें) विनियम, 1962 में और संशोधन करने के लिये निम्नलिखित विनियम बनाता है, अर्थात्:—

1. (1) इन विनियमों का नाम कर्मचारी भविष्य निधि (कर्मचारिवृन्द और सेवा की शर्तें) (संशोधन) विनियम, 1978 है।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. कर्मचारी भविष्य निधि (कर्मचारिवृन्द और सेवा की शर्तें) विनियम, 1962 की तीसरी अनुसूची में, पैरा 2 के नीचे की सारणी में, क्रम संख्या 2 और उससे सम्बन्धित प्रविष्टियों के स्थान पर निम्नलिखित क्रम संख्या और प्रविष्टियां रखी जाएंगी, अर्थात्:—

क्रम सं०	पद	नियुक्ति का रीति
"2.	(i) मुख्यालय और क्षेत्रीय कार्यालयों में चपरासी	(क) 75 प्रतिशत सीधी भर्ती द्वारा (ख) ऐसे झाड़ूकशों, फर्राशों, चौकीदारों आदि में से स्थानान्तरण द्वारा 25 प्रतिशत जिन्होंने अपनी-अपनी श्रेणियों में कम से कम 5 वर्ष सेवा की हो और जो प्रारम्भिक साक्षरता प्राप्त हों और जो हिन्दी या प्रादेशिक भाषा में लिख सकने का प्रमाण दे सकें जो कि इस प्रयोजनार्थ लिये जाने वाले साधारण लिखित परीक्षण के आधार पर निर्धारित किया जायेगा: परन्तु जहां झाड़कशों, फर्राशों, चौकीदारों की पर्याप्त संख्या के उपलब्ध न होने के कारण खण्ड (ख) के अधीन भरी जाने वाली सभी या कोई रिक्ति बिना भरी रह गई हों तो वे सीधी भर्ती द्वारा भरी जाएंगी।
	(ii) मुख्यालय और क्षेत्रीय कार्यालयों में माली और चौकीदार	सीधी भर्ती द्वारा 8"।

के० एस० नायक,
केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त और सचिव,
केन्द्रीय न्यासी बोर्ड, कर्मचारी भविष्य निधि

कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम

बम्बई, दिनांक 29 सितम्बर 1978

सं० जी० एस० आर०:—कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम अधिनियम, 1963 (1963 का 10) की धारा 32(2) के अनुसरण में 30 जून, 1978 को समाप्त हुए वर्ष के लिये निगम के कामकाज के बारे में बोर्ड की रिपोर्ट और 30 जून, 1978 को समाप्त हुए वर्ष के लिये निगम का तुलन-पत्र और लाभ-हानि लेखा नीचे प्रकाशित किये जाते हैं।

कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम एक दृष्टि में

लाख रुपये

साधन	30 जून को समाप्त हुए वर्ष को			उपयोग	30 जून को समाप्त हुए वर्ष को		
	1976	1977	1978		1976	1977	1978
चुकता शेयर पूंजी और प्रारक्षित निधियां	2940	4211	5888	निम्नलिखित को प्रदान किया गया पुनर्वित्त (बकाया) :			
भारत सरकार से लिए गये उधार	25009	34001	42761	राज्य भूमि विकास बैंक	42582	52544	58932
उसमें से अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ/अंतर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण और विकास बैंक की सहायता का अंश	17045	26045	35972	(उसमें से अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ परियोजनाओं के अधीन)	(24829)	(33208)	(38374)
भारतीय रिजर्व बैंक से लिये गये उधार				अनुसूचित वाणिज्य बैंक	11200	18568	27311
दीर्घकालीन प्रवर्तन निधि	13840	17260	21680	(उसमें से अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ अंतर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण और विकास बैंक परियोजनाओं के अधीन)	(5353)	(10217)	(13465)
अल्पावधि	170	—	—	राज्य सहकारी बैंक	1157	1108	1110
खुले बाजार से लिये गये उधार	13771	18171	20234	(उसमें से अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ परियोजनाओं के अधीन)	(7)	(18)	(174)

विकास का इतिहास

लाख रुपये

विवरण	जून के अंत को विद्यमान स्थिति									
	1969	1970	1971	1972	1973	1974	1975	1976	1977	1978
चुकता शेयर पूंजी और प्रारक्षित निधियां	500	509	523	1044	1082	1650	2272	2940	4211	5888
विशेष जमा राशियां	61	74	87	99	117	141	179	230	292	387
विशेष ऋण लेखा	—	—	—	—	—	—	—	—	—	462
सहायता ऋण	14	14	14	14	14	—	—	—	—	—
उधार :										
भारत सरकार से	2575	4475	6675	7713	12485	16350	19662	25009	34001	42761
भारतीय रिजर्व बैंक से	—	—	752	839	3820	6560	9270	14010	17260	21680
अल्पावधि	—	—	752	339	370	1160	450	170	—	—
दीर्घावधि	—	—	—	500	3450	5400	8820	13840	17260	21680
खुले बाजार से	—	1094	1946	2771	3871	6621	9921	13771	18171	20234
दिया गया पुनर्वित्त (शुद्ध)	3040	5889	8893	12341	21614	30974	40686	54939	72220	87359
डिबेंचर	2785	5460	8124	10964	19560	27151	34382	42582	52544	58938
ऋण	255	429	769	1377	2054	3823	6304	12357	19676	28421
अन्य आस्तियां	122	159	258	360	632	929	1417	2017	3040	3702
निवेश और प्रारक्षित नकदी निधियां	52	250	1003	2	4	8	26	37	24	2279
सकल आय	110	273	427	606	924	1553	2214	2991	4095	5469
कर पूर्व लाभ	48	67	69	109	171	309	442	585	785	1192
देय कर	26	37	34	58	89	160	231	309	340	517
करोत्तर लाभ	22	30	35	51	81	149	211	276	445	675
अदा किया गया लाभांश	21	21	21	31	44	66	89	109	173	248

सारणी 1

पुनर्वित्त का विवरण—प्रयोजनावार

लाख रुपये

प्रयोजन	30 जून 1969 तक£	निम्नलिखित वर्षों में 1969-72£	1972–73	1973–74	1974–75	1975–76	1976–77	1977–78	30 जून 1978 तक
लघु सिंचाई	1281 (42.1)	7213 (76.5)	8418 (89.4)	8530 (87.1)	8378 (78.7)	10818 (63.2)	14210 (64.4)	14327 (61.1)	73158 (69.7)
भूमि विकास*	1388 (45.5)	1006 (10.7)	230 (2.4)	178 (1.8)	201 (1.9)	492 (2.8)	587 (2.6)	408 (1.8)	4472 (4.3)
कृषि मशीनीकरण*	14 (0.5)	63 (0.7)	218 (2.3)	375 (3.9)	1223 (11.5)	4575 (26.7)	5177 (23.4)	2875 (12.3)	14538 (13.8)
बागान/बागबानी	207 (6.7)	554 (5.9)	149 (1.6)	219 (2.3)	200 (1.9)	307 (1.8)	516 (2.3)	787 (3.4)	2952 (2.8)
मुर्गी पालन/भेड़ पालन/सुअर पालन	1 (0.1)	6 (0.1)	15 (0.2)	9 (0.1)	65 (0.6)	68 (0.4)	66 (0.3)	212 (0.9)	444 (0.4)
मत्स्य पालन	56 (1.8)	132 (1.4)	12 (0.1)	86 (0.9)	178 (1.7)	243 (1.4)	196 (0.9)	540 (2.3)	1442 (1.4)
डेरी विकास	—	39 (0.4)	26 (0.3)	82 (0.8)	158 (1.5)	288 (1.7)	354 (1.6)	395 (1.7)	1348 (1.3)
भंडार और बाजार	100 (3.3)	407 (4.3)	346 (3.7)	293 (3.0)	237 (2.2)	319 (1.9)	953 (4.3)	3777 (16.1)	6429 (6.1)
अन्य :	—	—	—	—	—	—	18	50	68
वन उद्योग							(0.1)	(0.2)	(0.1)
कृषि विमानन	—	—	—	12 (0.1)	—	5 (0.1)	—	—	17 (—)
समन्वित रुई विकास परियोजना	—	—	—	—	—	—	5 (0.1)	58 (0.2)	63 (0.1)
गोबर गैस संयंत्र	—	—	—	—	—	—	—	1 (—)	1 (—)
जोड़	3047 (100.0)	9420 (100.0)	9414 (100.0)	9784 (100.0)	10640 (100.0)	17115 (100.0)	22082 (100.0)	23430 (100.0)	104932 (100.0)

कोष्ठकों में दिये गये आंकड़े जोड़ का प्रतिशत है। £वर्षवार आंकड़े इसके पहले के प्रकाशनों में दिये गये हैं।

*भूमि विकास में भूमि उद्धार/भूमि संरक्षण/सघन क्षेत्र विकास शामिल है। कृषि मशीनीकरण में ट्रक्टर, अन्य कृषि उपकरण और कृषि सेवा केन्द्र शामिल है।

सारणी 2

पुनर्वित्त का वितरण—एजेंसीवार

लाख रुपये

एजेंसी	30 जून 1969 तक£	निम्नलिखित वर्षों में 1969–72£	1972–73	1973–74	1974–75	1975–76	1976–77	1977–78	30 जून 1978 तक
राज्य भूमि विकास बैंक	2785	8179	8614	7776	7706	9909	12670	11194	68827
उसमें से	(91.4)	(86.8)	(91.5)	(79.5)	(72.4)	(57.9)	(57.4)	(47.8)	(65.6)
अंवि संघ की परियोजनाओं के अधीन	—	537	6358	5292	5198	9069	10053	8580	45087
अनुसूचित वाणिज्य बैंक	106	660	449	1736	2787	7075	9298	12026	34143
उसमें से	(3.5)	(7.0)	(4.8)	(17.7)	(26.2)	(41.3)	(42.1)	(51.3)	(32.5)
अंपुवि बक की परियोजनाओं के अधीन	—	119	4	1	10	31	30	67	262
अवि संघ की परियोजनाओं के अधीन	—	—	—	342	979	4133	5526	4485	15465
राज्य सहकारी बक	15.16	581	351	272	147	131	114	210	1962
उसम से	(5.1)	(6.2)	(3.7)	(2.8)	(1.4)	(0.8)	(0.5)	(0.9)	(1.9)
अंविसंघ की परियोजनाओं के अधीन	—	—	—	—	—	7	11	176	194
जोड़	3047	9420	9414	9784	10640	17115	22082	23430	104932
	(100.0)	(100.0)	(100.0)	(100.0)	(100.0)	(100.0)	(100.0)	(100.0)	(100.0)

कोष्ठकों में दिये गय आंकड़ जोड़ का प्रतिशत है।

£वर्षवार आँकड़ इसके पहले के पकाशनों में दिये गए हैं।

कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम

पंद्रहवीं वार्षिक रिपोर्ट-1977-78

प्रमुख उपलब्धियां

कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम के लिये 30 जून 1978 को समाप्त हुआ वर्ष एक और अच्छा वर्ष रहा। आलोच्य वर्ष के दौरान वितरित राशि और उच्चतर स्तर पर पहुंच गयी तथा निगम के प्रारंभ से लेकर पुनर्वित्त का सकल वितरण 1000 करोड़ रुपयों से भी अधिक हो गया। इस वर्ष की अन्य महत्वपूर्ण गतिविधियां इस प्रकार थीं—अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ की सहायता प्राप्त 2 परियोजनाओं की समाप्ति, अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ के साथ 6 और विविध परियोजनाओं के संबंध में विचार विमर्श और मध्य प्रदेश में सघन क्षेत्र परियोजना के लिये पश्चिमी जर्मनी के क्रेडिटंसटल्ट फॉर वाईडरॉफबाउ (केएफ डब्ल्यू) द्वारा ऋण की मंजूरी। योजनाओं की संख्याओं एवं उनके लिये किये गये वायदों की दृष्टि से मंजूरियां भी सीमान्त रूप से अधिक थीं। साथ ही, इस वर्ष के दौरान निगम ने एक व्यापक परियोजना रिपोर्ट तैयार कर भारत सरकार को प्रस्तुत की ताकि उसे 1979-81 के दो वर्षों की अवधि के लिये तीसरे सामान्य ऋण की मंजूरी हेतु अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ/विश्व बैंक को भेजा जाए।

कार्यकलाप

1.2 इस वर्ष कुल वितरित राशि 234 करोड़ रुपये है जो पिछले वर्ष के 221 करोड़ रुपयों की अपेक्षा अधिक है। 1974 में परिकल्पित 216 करोड़ रुपयों की राशि से उक्त राशि काफी अधिक है। फिर भी, वह इस वर्ष के लिए परिशोधित भावी कार्यक्रम के 260 करोड़ रुपयों की राशि से कम है। अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ की सहायता प्राप्त तीन डेरी विकास परियोजनाओं के अधीन जो राशि वितरित की जानी थी वह वितरित नहीं की जा सकी क्योंकि परियोजना अधिकारियों को अधिक लाभदायक शर्तों पर वैकल्पिक स्रोतों से वित्तीय सहायता प्राप्त होने की संभावना प्रतीत हुई।

1.3 कुल 234 करोड़ रुपयों की वितरित राशि में से लगभग 133 करोड़ रुपयों की राशि या कुल वितरित राशि में से 57 प्रतिशत राशि विश्व बैंक समूह से सहायता प्राप्त परियोजनाओं के अन्तर्गत वितरित की गयी। निगम की स्थापना से लेकर जून 1978 के अन्त तक की अवधि में उसके द्वारा प्राप्त प्रदत्त पुनर्वित्त की सकल राशि 1049 करोड़ रुपये है जिसमें विश्व बैंक समूह की परियोजनाओं के अधीन वितरित 610 करोड़ रुपयों की राशि भी शामिल है।

1.4 इस वर्ष विभिन्न राज्यों में कार्यरत सदस्य बैंकों के कार्य का स्वरूप थोड़ा सा भिन्न था। हरियाणा, पंजाब, कर्नाटक तमिलनाडु और मध्य प्रदेश को छोड़कर शेष सभी राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों ने पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष अधिक मात्रा में पुनर्वित्त प्राप्त किया। इस वर्ष वितरित किये गये पुनर्वित्त की कुल राशि में विकसित राज्यों का अंश बिना परिवर्तन के 121 करोड़ रुपये था जबकि कम विकसित राज्यों ने अपेक्षाकृत अधिक पुनर्वित्त प्राप्त किया अर्थात् उनका अंश 101 करोड़ रुपयों से बढ़कर 113 करोड़ रुपय हो गया। विकसित राज्यों द्वारा अपेक्षाकृत कम पुनर्वित्त लिये जाने का कारण कुछ कमियां थीं जैसे कि अतिदेय राशियों के कारण राज्य भूमि विकास बैंक अधिक सहायता लेने में असमर्थ रहे, वे अपने ऋण कार्यों में अधिक विविधता न ला सके और विगत वर्षों में संभाव्य भू-गर्भ जल का उपयोग तेजी से कर लिये जाने के कारण कई क्षेत्रों में लघु सिंचाई के कार्यों में निवेश की संभावना कम होती गयी। कम विकसित राज्यों में मीयादी स्वरूप के निवेशों के लिए संस्थागत ऋण का उपयोग करने के प्रति जो जागरूकता बढ़ती गयी वह स्वागत योग्य है।

1.5 लगातार पांचवें वर्ष में भी उत्तर प्रदेश में कार्यरत बैंकों ने पुनर्वित्त सहायता की अधिकतम राशि अर्थात् 43 करोड़ रुपये प्राप्त की और अपने राज्य को इस संदर्भ में अग्रणी बनाये रखा। आन्ध्र प्रदेश ने 39 करोड़ रुपयों की पुनर्वित्त सहायता प्राप्त की और वह दूसरे क्रम पर आया। वर्ष 1977-78 में निगम द्वारा वितरित पुनर्वित्त सहायता का एक तिहाई अंश इन दो राज्यों में वितरित हुआ। महाराष्ट्र (20 करोड़ रुपये), बिहार (19 करोड़ रुपये) और मध्य प्रदेश (17 करोड़ रुपये) राज्यों ने 15 करोड़ रुपयों से अधिक की पुनर्वित्त सहायता प्राप्त की। राजस्थान (13 करोड़ रुपये) पश्चिम बंगाल (10 करोड़ रुपये) और उड़ीसा (8 करोड़ रुपये) राज्यों में कार्यरत बैंकों द्वारा अधिकतर पुनर्वित्त सहायता प्राप्त किया जाना इस वर्ष की एक उल्लेखनीय घटना है। उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के असम, मणिपुर, नागालैण्ड और त्रिपुरा राज्यों ने वर्ष 1977-78 में कुल मिलाकर 3 करोड़ रुपयों का पुनर्वित्त प्राप्त किया जो पिछले वर्ष इन राज्यों द्वारा प्राप्त किये गये 1 करोड़ रुपयों के पुनर्वित्त से काफी अधिक था (सारणी 4)।

1.6 निगम के प्रारंभ से लेकर इस वर्ष तक उसके द्वारा वितरित कुछ राशि के 10 प्रतिशत से अधिक की पुनर्वित्त सहायता प्राप्त करने वाले राज्य इस प्रकार हैं : उत्तर प्रदेश (164) करोड़ रुपये, आन्ध्र प्रदेश (115 करोड़ रुपये), और महाराष्ट्र (107 करोड़ रुपये)। कर्नाटक (90 करोड़ रुपये), मध्य प्रदेश (88 करोड़ रुपये), तमिलनाडु (87 करोड़ रुपये), और हरियाणा (86 करोड़ रुपये) राज्यों में से प्रत्येक द्वारा कुल पुनर्वित्त सहायता के 8 और 10 प्रतिशत के बीच सहायता प्राप्त की गयी।

1.7 सारणी 3 में पिछले तीन वर्षों के दौरान निगम से पुनर्वित्त सहायता प्राप्त करने वाले राज्यों को उनके द्वारा ली गयी राशि के अनुसार क्रमवार दर्शाया गया है।

सारणी 3

निगम द्वारा प्राप्त की गयी पुनर्वित्त राशि के अनुसार राज्यों का क्रम

राज्य	1975-76	1976-77	1977-78
उत्त प्रदेश	1	1	1
आन्ध्र प्रदेश	8	4	2
महाराष्ट्र	2	5	3
बिहार	6	8	4
मध्य प्रदेश	4	2	5

राज्य	1975-76	1976-77	1977-78
कर्नाटक	3	3	6
गुजरात	12	13	7
राजस्थान	10	10	8
पंजाब	7	7	9
हरियाणा	5	6	10
पश्चिम बंगाल	14	11	11
तमिलनाडु	9	9	12
उड़ीसा	11	12	13
केरल	13	14	14

आन्ध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, गुजरात और राजस्थान राज्यों ने पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष अपनी स्थिति में सुधार किया जबकि पश्चिम बंगाल ने अपना ग्यारहवाँ स्थान बनाये रखा। उड़ीसा द्वारा पिछले वर्ष की तुलना में अधिक पुनर्वित्त सहायता प्राप्त किये जाने के बावजूद उसका स्थान बारहवें से हट कर तेरहवें पर आ गया।

1.8 प्रयोजनवार, पिछले वर्षों की तरह कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम द्वारा लघु सिंचाई के लिए अधिकतम पुनर्वित्त सहायता अर्थात् 143 करोड़ रुपये या कुल वितरित राशि में से 61 प्रतिशत राशि प्रदान की गयी (सारणी 1) फिर भी, इस प्रयोजन के लिए पिछले वर्ष वितरित 142 करोड़ रुपयों की तुलना में इस वर्ष की राशि थोड़ी सी अधिक है ? राज्य भूमि विकास बैंकों ने लघु सिंचाई के लिए 106 करोड़ रुपयों की तुलना में 99 करोड़ रुपये प्राप्त किये जबकि वाणिज्य बैंकों ने पिछले वर्ष के 35 करोड़ रुपयों की तुलना में 43 करोड़ रुपये प्राप्त किये। विकसित राज्यों में राज्य भूमि विकास बैंकों का अंश 54 करोड़ रुपयों के आसपास प्रायः अपरिवर्तित बना रहा जबकि वाणिज्य बैंकों का अंश पिछले वर्ष के केवल 10 करोड़ रुपयों की तुलना में इस वर्ष 19 करोड़ रुपये था। कम विकसित राज्यों के मामले में राज्य भूमि विकास बैंकों का अंश 52 करोड़ रुपयों से तेजी से कम होकर 45 करोड़ रुपये हो गया परन्तु वाणिज्य बैंकों का अंश 24 करोड़ रुपयों पर प्रायः अपरिवर्तित ही रहा। लघु सिंचाई कार्यक्रम के लिए वितरित राशि में सदस्य बैंकों द्वारा पंप सेटों को बिजली-चालित करने के लिए राज्य बिजली बोर्डों को दिये गये ऋणों के पुनर्वित्त हेतु वितरित 18 करोड़ रुपये की राशि भी शामिल है जबकि 1976-77 में यह राशि 11 करोड़ रुपये थी।

1.9 भूमि विकास के लिए वितरित राशि पिछले वर्ष के 5.9 करोड़ रुपयों की तुलना में इस वर्ष कम अर्थात् 4.1 करोड़ रुपये थी क्योंकि सघन क्षेत्र विकास कार्यक्रम को कार्यान्वित करने के लिए कतिपय कानूनी, क्रियाविधिक एवं नीतिगत मामलों का निर्धारण कर उन्हें अंतिम रूप देना था। निगम ने भी राज्य सरकारों एवं बैंकों के साथ गहन परामर्श करके अपनी संबंधित क्रियाविधियों एवं नीतियों का पुनरीक्षण किया। खेत के विकास के लिए संस्थागत ऋण प्राप्त करने के संबंध में सहमति बांडों को प्राप्त करने, भूमि को प्रभारित करने और कृषकों को योग्य और अयोग्य श्रेणियों में वर्गीकृत करने जैसी कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम और सदस्य बैंकों द्वारा निर्धारित विभिन्न शर्तों के पीछे जो तर्क था उसे स्वीकार करने में राज्य सरकारों ने भी कुछ समय लिया। पिछली वार्षिक रिपोर्ट में उल्लेख किये गये अनुसार 1975-76 और 1976-77 के दौरान कृषि मशीनीकरण के लिए वितरित राशियां मुख्यतः अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ द्वारा पंजाब, हरियाणा कर्नाटक, तमिलनाडु और आन्ध्र प्रदेश राज्यों में स्वीकृत कतिपय कृषि ऋण परियोजनाओं के लिये परिकल्पित उन कार्यक्रमों से संबंधित थीं जो गत वर्षों में पूरे नहीं किये जा सके थे। इस बीच उक्त परियोजनाएं समाप्त हो गयी हैं। अब जो राशियां वितरित की गयी हैं वे ऐसे केन्द्रों में ट्रैक्टर और बिजली चालित हल जैसी कृषि मशीनीकरण से संबंधित उपकरणों की सामान्य मांग की द्योतक है जहां कृषक साधारणतया विभिन्न गहन फसल का लाभ उठाना चाहता है। उपर्युक्त प्रयोजनों के लिये इस वर्ष 29 करोड़ रुपयों की राशि वितरित की गयी। यह राशि इस वर्ष 18 राज्यों में वितरित की गयी है जबकि पिछले वर्ष वह केवल 17 राज्यों में वितरित की गयी थी। इस राशि में सघन क्षेत्र में भूमि विकास कार्य के लिए उपयोगी कुछ मशीनें भी शामिल हैं।

1.10 इस वर्ष के दौरान निगम के कारोबार में अधिक वैविध्य आया। लघु सिंचाई के अलावा अन्य विविध प्रयोजनों के लिये प्रदत्त ऋण की राशि 91 करोड़ रुपये या कुल ऋण का 39 प्रतिशत थी जबकि 1976-77 के दौरान यह राशि 79 करोड़ रुपये या लगभग 36 प्रतिशत थी।

1.11 पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष भूमि विकास और कृषि मशीनीकरण के अन्तर्गत वितरित राशि कम थी परन्तु भण्डार और बाजार केन्द्रों के अन्तर्गत वितरित राशि में तेजी से वृद्धि हुई और वह 9.5 करोड़ रुपयों से बढ़कर 37.8 करोड़ रुपये हो गयी। इसमें से अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ की सहायता प्राप्त दो परियोजनाओं सहित राज्यों में बाजार केन्द्रों के लिए वितरित राशि 5 करोड़ रुपये थी जबकि 32.8 करोड़ रुपये की राशि भारतीय खाद्य निगम की भण्डार गोदाम निर्माण की योजना के अन्तर्गत निजी पार्टियों द्वारा निर्मित गोदामों के लिए थी। ऐसे गोदाम पूर्ण होने पर प्रत्येक गोदाम की क्षमता लगभग 40 लाख टन होनी चाहिए।

1.12 इस वर्ष के दौरान बागान-बागबानी, मुर्गी पालन और मत्स्य पालन के विकास के कार्यक्रमों के लिये वितरित राशि भी उल्लेखनीय थी। डेरी विकास योजनाओं के अन्तर्गत हुए कार्य में प्रायः कोई परिवर्तन नहीं हुआ और जैसा कि पहले उल्लेख किया गया है, यदि कर्नाटक, राजस्थान और मध्य प्रदेश में अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ की सहायता प्राप्त तीन समन्वित डेरी विकास परियोजनाओं के लिए अपेक्षित राशि वितरित की जाती है तो यह राशि और भी अधिक हो जाती। उसी प्रकार अल्पावधि और दीर्घावधि दोनों उद्देश्यों के लिए समन्वित रुई विकास परियोजना के अन्तर्गत अपेक्षित राशि वितरित नहीं हो पायी है।

सारणी—4

पुर्नवित्त का वितरण—राज्यवार

लाख रुपये

क्षेत्र/राज्य/संघ शासित क्षेत्र	30 जून 1969 तक £	निम्नलिखित वर्षों में 1969–72£	1972–73	1973–74	1974–75	1975–76	1976–77	1977–78	30 जून 1978 तक
I. उत्तरी क्षेत्र									
चंडीगढ़	—	—	—	—	—	—	—	3 (—)	3 (—)
दिल्ली	—	6 (0.1)	—	7 (0.1)	12 (0.1)	28 (0.1)	10 (0.1)	19 (0.1)	83 (0.1)
हरियाणा	303 (9.9)	951 (10.1)	1020 (10.8)	803 (8.2)	1075 (10.1)	1569 (9.2)	1770 (8.0)	1111 (4.7)	8602 (8.2)
हिमाचल प्रदेश	—	—	—	4 (0.1)	4 (0.1)	16 (0.1)	2 (—)	23 (0.1)	51 (—)
जम्मू और काश्मीर	32 (1.0)	38 (0.4)	—	—	—	17 (0.1)	6 (—)	15 (0.1)	109 (0.1)
पंजाब	653 (21.4)	1596 (16.9)	607 (6.5)	489 (5.0)	407 (3.8)	1306 (7.6)	1731 (7.8)	1177 (5.0)	7964 (7.6)
राजस्थान	6 (0.2)	237 (2.5)	136 (1.4)	283 (2.9)	350 (3.3)	536 (3.1)	787 (3.6)	1312 (5.6)	3653 (3.5)
	994 (32.5)	2828 (30.0)	1763 (18.7)	1586 (16.3)	1848 (17.4)	3472 (2[illegible].3)	4306 (19.5)	3660 (15 6)	20465 (19.5)
I. उत्तर पूर्वी क्षेत्र									
असम	70 (2 4)	36 (0.4)	—	29 (0.3)	—	5 (—)	70 (0.3)	273 (1.2)	483 (0.5)
मणिपुर	—	—	—	—	—	5 (—)	8 (0.1)	23 (0.1)	36 (—)
मेघालय	—	—	—	—	—	(—)	—	—	—

सारणी–4 (जारी)

पुनर्वित का वितरण—राज्यवार

लाख रुपये

क्षेत्र/राज्य/संघ शासित क्षेत्र	30 जून 1969 तक £	निम्नलिखित वर्षों में							30 जून 1978 तक
		1969–72£	1972–73	1973–74	1974–75	1975–76	1976–77	1977–78	
नागालैण्ड	—	—	—	4	4	2	3	5	18
				(0.1)	(0.1)	(—)	(—)	(—)	(—)
त्रिपुरा	—	—		—	—	1	2	8	11
						(—)	(—)	(—)	(—)
	70	36	—	33	4	13	83	309	548
	(2.4)	(0.4)		(0.4)	(0.1)	(0.1)	(0.4)	(1.3)	(0.5)
पूर्वी क्षेत्र									
बिहार	18	241	154	585	932	1318	1696	1864	6802
	(0.6)	(2.6)	(1.6)	(5.9)	(8.8)	(7.6)	(7.7)	(8.0)	(6.5)
उड़ीसा	4	32	11	8	72	338	565	816	1852
	(0.1)	(0.3)	(0.1)	(0.1)	(0.8)	(2.0)	(2.6)	(3.5)	(1.7)
पश्चिम बंगाल	2	16	4	22	69	159	590	996	1855
	(0.1)	(0.2)	(0.1)	(0.2)	(0.6)	(1.0)	(2.7)	(4.3)	(1.8)
	24	289	169	615	1083	1815	2851	3676	10509
	(0.8)	(3.1)	(1.8)	(6.2)	(10.2)	(10.6)	(13.0)	(15.8)	(10.0)
मध्यवर्ती क्षेत्र									
IV मध्य प्रदेश	29	327	319	645	1234	1932	2610	1670	8775
	(1.0)	(3.5)	(3.4)	(6.6)	(11.6)	(11.8)	(11.3)	(7.1)	(8.4)
उत्तर प्रदेश	122	1153	1143	1498	1849	2598	3720	4317	16398
	(4.0)	(12.2)	(12.1)	(15.3)	(17.3)	(15.2)	(16.9)	(18.4)	(15.6)
	151	1480	1462	2143	3083	4530	6330	5987	25173
	(5.0)	(15.7)	(15.5)	(21.9)	(28.9)	(26.5)	(28.7)	(25.5)	(24.0)

V पश्चिमी क्षेत्र									
गोवा	—	—	—	3 (0.1)	5 (0.1)	23 (0.1)	24 (0.1)	68 (0.3)	123 (0.1)
गुजरात	207 (6.8)	583 (6.2)	2794 (29.7)	788 (8.0)	427 (4.0)	333 (1.9)	402 (1.8)	1319 (5.6)	6853 (6.5
महाराष्ट्र	189 (6.2)	1038 (11.0)	732 (7.8)	1271 (13.0)	1358 (12.7)	2248 (13.2)	1928 (8.7)	1974 (8.4)	10742 (10.3)
	396 (13.0)	1621 (17.2)	3526 (37.5)	2062 (21.1)	1790 (16.8)	2604 (15.2)	2354 (10.6)	3361 (14.3)	17718 (16.9)
VI दक्षिणी क्षेत्र									
आन्ध्र प्रदेश	809 (26.5)	1234 (13.1)	847 (9.0	423 (4.3)	892 (8.4)	1295 (7.6)	2122 (9.6)	3853 (16.4)	11473 (10.9)
कर्नाटक	261 (8.6)	765 (8.1)	405 (4.3)	1099 (11.2)	1008 (9.5)	1946 (11.4)	2190 (9.9)	1320 (5.6)	8995 (8.6)
केरल	17 (0.5)	214 (2.3)	28 (0.3)	103 (1.0)	100 (0.9)	208 (1.2)	247 (1.1)	370 (1.6)	1287 (1.3)
पांडिचेरी	—	—	—	8 (0.1)	15 (0.1)	4 (0.1)	—	—	27 (—)
तमिलनाडु	325 (10.7)	952 (10.1)	1213 (12.9)	1712 (17.5)	817 (7.7)	1228 (7.2)	1599 (7.2)	894 (3.9)	8737 (8.3)
	1412 (46.3)	3165 (33.6)	2493 (26.5)	3345 (34.1)	2832 (26.6)	4681 (27.5)	6158 (27.8)	6437 (27.5)	30519 (29.1)
जोड़ (I से VI)	3047 (100.0)	9420 (100.0)	9414 (100.0)	9784 (100.0)	10640 (100.0)	17115 (100.0)	22082 (100.0)	23430 (100.0)	104932 (100.0)

कोष्ठकों में दिये गये आंकड़े जोड़ का प्रतिशत हैं ।

£वर्षवार आंकड़े इसके पहले के प्रकाशनों में दिये गये हैं ।

1.13 पिछले वर्ष के अंत तक और 30 जून 1978 को बायदों में वितरित राशि के प्रतिशत को सारणी 5 में दर्शाया गया है। इस वर्ष कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम के 387 करोड़ रुपयों के कुल बायदों में से लगभग 60.5 प्रतिशत राशि निकाली गयी है जबकि पिछले वर्ष वह बायदों का 58 प्रतिशत थी (विवरण 1)

1.14 बहत्तर सदस्य बैंकों ने कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम से पुनर्वित्त सहायता प्राप्त की। इन बैंकों में 16 राज्य भूमि विकास बैंक, 39 अनुसूचित वाणिज्य बैंक और 17 राज्य सहकारी बैंक हैं। इस वर्ष के दौरान मणिपुर राज्य सहकारी बैंक और एक क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक ने पहली बार पुनर्वित्त सहायता प्राप्त की।

1.15 वर्ष 1977–78 के दौरान, वाणिज्य बैंकों ने 120 करोड़ रुपयों और राज्य भूमि विकास बैंकों ने 112 करोड़ रुपयों की पुनर्वित्त सहायता प्राप्त की (सारणी 2) जबकि पिछले वर्ष उन बैंकों ने क्रमशः 93 करोड़ रुपयों और 127 करोड़ रुपयों की सहायता प्राप्त की थी। कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम के कार्यक्रमों में राज्य सहकारी बैंकों का हिस्सा नगण्य ही बना रहा और उनके द्वारा इस वर्ष प्राप्त की गयी राशि (2.1 करोड़ रुपये) पिछले वर्ष की राशि (1.1 करोड़ रुपये) से केवल सीमान्त रूप से ही अधिक थी। बहुत से राज्य सहकारी बैंकों को कृषि विकास कार्यों में मीयादी निवेशों के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने हेतु अपेक्षित विशेषज्ञता अभी विकसित करनी है। केवल उड़ीसा में राज्य सरकार के सक्रिय प्रोत्साहन के कारण राज्य सहकारी बैंक मत्स्य पालन और डेरी विकास योजनाओं की सहायता करने के अलावा लघु सिंचाई कार्यक्रमों में बड़े पैमाने पर हिस्सा ले रहा है।

सारणी 5

वायदों में वितरित राशि का प्रतिशत

करोड़ रुपए

प्रयोजन	1967–77 तक कृपुवि निगम के वायदे	30 जून 1977 तक निकाली गयी राशि	2 में 3 का प्रतिशत	1977–78 कृपुवि निगम के वायदे	30 जून 1978 तक निकाली गयी राशि	5 में 6 का प्रतिशत
1	2	3	4	5	6	7
1. लघु सिंचाई	754.7	588.3	78.0	1033.7	731.6	70.7
2. भूमि विकास	70.3	40.6	58.8	80.9	44.7	55.3
3. कृषि मशीनीकरण	146.0	116.7	79.9	169.5	145.4	85.8
4. बागान और बागबानी	34.3	21.7	63.3	48.4	29.5	60.9
5. मुर्गीपालन और भेड़ पालन	4.8	2.3	47.9	8.0	4.4	55.0
6. मत्स्य पालन	14.5	9.0	62.1	23.7	14.4	60.8
7. डेरी विकास	18.7	9.5	50.8	33.1	13.5	40.8
8. भण्डार सुविधाएँ और बाजार केंद्र	44.9	26.5	59.0	78.6	63.3	81.8
	1088.2	814.6	74.7	1475.9	1047.8	71 0

1.16 कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम द्वारा अपनी स्थापना से लेकर जून 1978 के अंत तक कुल 1049 करोड़ रुपयों की राशि वितरित की गयी। उससे 1200 करोड़ रुपयों के स्तर का मूलभूत निवेश संपन्न हो सका जिसमें ऋणदाताओं, सदस्य बैंकों और राज्य सरकारों द्वारा किये गये अंशदान शामिल हैं। अद्यतन उपलब्ध आंकड़ों के आधार पर विभिन्न योजनाओं के अधीन प्राप्त वास्तविक उपलब्धियों को नीचे दर्शाया गया है :

नल कूप	2,54,300
खोदे हुए कुएँ	3,90,000
बिजलीचालित पंपसेट/आयल इंजिन	5,76,200

	हैक्टेयर		हैक्टेयर
काफी	8,900	नारियल	34,200
चाय	4,400	सुपारी	1,300
रबड़	2,200	अन्य	19,900
इलायची	1,400		

1.17 अपनी गतिविधियों के पिछले 15 वर्षों के दौरान निगम ने लगभग 28.5 लाख हैक्टेयर भूमि में अनेक फसलें उगाने के लिये सहायता प्रदान की। प्रमुख सिंचाई परियोजनाओं के सधन क्षेत्रों में विकसित भूमि और भूमि संरक्षण योजनाओं के अधीन सुधारे गये क्षेत्र दोनों मिलाकर कुल भूमि 8.9 लाख हैक्टेयर होती है। बागान और बाग-

बानी की विभिन्न योजनाओं के अधीन कुल 72,300 हैक्टेयर क्षेत्र का विकास हुआ ।

1.18 निगम से जिन अन्य कार्यों के लिए पुनर्वित्त सुविधाएं प्राप्त की गयी वे निम्नप्रकार हैं :

भण्डार	50 लाख टन
बाजार केन्द्र	121 इकाइयां
ट्रैक्टर	34,600 इकाइयां
कंबाइन/कटाई की मशीनें/ बुलडोजर/	
बिजलीचालित हल	1,675 इकाइयां
ट्राऊलर्स/यांत्रिक नौकाएं	2,041 इकाइयां
दुधारू पशु	66,700 पशु
मुर्गियां	10,81,500 चूजे
भेड़	1,19,940 पशु
कृषि विमान	2 इकाइयां

स्वीकृतियां

इस वर्ष के दौरान निगम द्वारा स्वीकृत योजनाओं की संख्या और उसके द्वारा वायदा की गयी राशि दोनों ही में वृद्धि हुई है । परंतु स्वीकृत योजनाओं की संख्या के आंकड़ों का अनुशीलन बदलते हुए संदर्भ में किया जाना चाहिए । योजनाओं का बेहतर मूल्यांकन और गुणात्मक कार्यान्वयन, पर्यवेक्षण तथा निगरानी हो सके इस उद्देश्य से निगम विभिन्न विशेषताओं से युक्त बड़े क्षेत्रों की अपेक्षा एक समान विशेषताओं से युक्त छोटे भौगोलिक क्षेत्रों के लिए योजनाएं तैयार करने की आवश्यकता पर बल देता आ रहा है और यह बात विविध प्रयोजनाओं के लिए बनायी जानेवाली योजनाओं के लिए विशेष महत्वपूर्ण है । साथ , लघु सिंचाई में निवेश की योजनाओं के लिए भी वह उतनी ही महत्वपूर्ण है । संप्रति जो औसत रूप से अपेक्षाकृत छोटी योजनाओं को स्वीकार किया गया है उससे यही बात प्रभावी रूप से परिलक्षित होती है । इसके परिणामस्वरूप कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम के वायदों की राशि का अधिक अच्छा उपयोग किया जा सका है ।

2.2 1977–78 के दौरान 1836 योजनाएं स्वीकार की गयी जिनके संदर्भ में निगम के वायदों की राशि 330 करोड़ रुपये है जबकि पिछले वर्ष स्वीकृत 1653 योजनाओं के संबंध में निगम के वायदों की राशि 307 करोड़ रुपये थी (विवरण 2 और 3) । स्वीकृत योजनाओं की संख्या तथा उनके लिए किये गये वायदों की राशि दोनों ही संदर्भों में वाणिज्य बैंक अग्रणी रहे हैं (विवरण 4) । इस वर्ष इन बैंकों की 1465 योजनाएं स्वीकार की गयीं जिनके संबंध में निगम के वायदों की राशि 192 करोड़ रुपये है जबकि पिछले वर्ष इन बैंकों की 1105 योजनाएं स्वीकार की गयीं थीं जिनके संबंध में निगम के वायदे की राशि 156 करोड़ रुपये थी । भूमि विकास बैंकों के मामले में इस वर्ष के दौरान मंजूर की गयी 330 योजनाएं पिछले वर्ष की 528 योजनाओं के मुकाबले कम थीं; वायदा की गयी 129 करोड़ रुपयों की राशि भी पिछले वर्ष के 141 करोड़ रुपयों के मुकाबले न्यून थी । इस वर्ष वितरित राशि की तरह, राज्य सहकारी बैंकों के लिए स्वीकार की गयी योजनाओं की संख्या और वायदे की राशि भी न्यूनतम थीं अर्थात् 41 योजनाओं के संबंध में वितरित राशि केवल 9 करोड़ रुपये थी और इस वर्ष के वायदे की राशि भी पिछले वर्ष की 20 योजनाओं के संबंध में 10 करोड़ रुपये के वायदे की राशि से कम थी । जून 1978 के अंत तक इन बैंकों की केवल 103 योजनाएं स्वीकृत की गयीं थीं जिनके संबंध में कृषि पुनर्वित और विकास निगम के वायदे की कुल राशि 38 करोड़ रुपये थी । राज्य तथा मध्यवर्ती सहकारी बैंकों में विकास की सक्षम योजनाएं बनाने के लिए कोई तन्त्र विद्यमान नहीं है । रिजर्व बैंक से उपलब्ध मध्यावधि ऋण सीमाओं का लाभ भी बैंक उठाते हैं हालांकि ऐसी सुविधाओं का पूर्ण रूप से उपयोग नहीं किया जाता है ।

2.3 पिछले कुछ वर्षों के दौरान जो प्रवृत्ति पायी गयी है उसके अनुरूप सदस्य बैंक अपने कार्यकलापों में विविधता ला रहे हैं; इसके परिणामस्वरूप कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम द्वारा स्वीकार की गयी योजनाओं की संख्या तथा ऐसे विविध प्रयोजनों के निमित्त निवेश करने के लिए उसके द्वारा किये गये वायदे की राशि दोनों ही में पर्याप्त मात्रा में वृद्धि हो गयी है । भूमि विकास और सधन क्षेत्र विकास, प्रमुख रूप से ट्रैक्टरों से इतर उपकरणों से खेती के मशीनीकरण को छोड़कर अन्य बागान और बागबानी जैसे कार्यक्रमों के अलावा, मत्स्य पालन, डेरी विकास, मुर्गी पालन/भेड़ पालन जैसे अन्य प्रयोजनों को भी अधिक मात्रा में स्वीकार किया गया । वर्ष 1977–78 में लघु सिंचाई से इतर प्रयोजनों के लिए 1314 योजनाएं स्वीकार की गयीं जिनके संबंध में निगम के वायदे की राशि 153 करोड़ रुपये थी । यद्यपि लघु सिंचाई वर्ग के अंतर्गत स्वीकार की गयी योजनाओं की संख्या (522) पिछले वर्ष की योजनाओं (657) के मुकाबले अपेक्षाकृत कम थी, फिर भी उनके संबंध में निगम के वायदे की 177 करोड़ रुपये की कुल राशि पिछले वर्ष के वायदे की राशि (178 करोड़ रुपये) के प्रायः बराबर ही थी ।

2.4 जून 1978 के अंत में कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम द्वारा 6221 योजनाएं स्वीकार की गयी थीं और उनके संबंध में उसके द्वारा किये गये वायदे की राशि 1770 करोड़ रुपये थी (विवरण 5) इनमें से निगम के 1054 करोड़ रुपयों के वायदे से युक्त 1862 योजनाएं भूमि विकास बैंकों के लिए स्वीकार की गयीं, 678 करोड़ रुपयों के वायदे से युक्त 4256 योजनाएं वाणिज्य बैंकों के लिए और 38 करोड़ रुपयों के वायदे से युक्त शेष 103 योजनाएं राज्य सहकारी बैंकों के लिए स्वीकार की गयीं (विवरण 7) । इनमें से 2680 योजनाएं लघु सिंचाई के प्रयोजनों के लिए थीं जिनके संबंध में कृषि पुनर्वित्त और विकास

निगम के वायदे की राशि 1179 करोड़ रुपये या कुल वायदे का 67 प्रतिशत थी और 3541 योजनाएं विभिन्न प्रयोजनों के लिए थीं जिनके संबंध में निगम ने 591 करोड़ रुपयों की पुनर्वित्त सहायता **क्षेत्रीय असंतुलनों में कमी** प्रदान की थी (विवरण 5)।

2.5 ऐसा प्रतीत होता है कि विकास के क्षेत्रीय असंतुलनों को कम करने की दिशा में निगम के प्रयासों के अनुकूल परिणाम आ रहे हैं। इस वर्ष के दौरान देश के कम विकसित राज्यों/क्षेत्रों में वितरित पुनर्वित्त की राशि और स्वीकार की गयी योजनाओं की संख्या में भारी वृद्धि हुई है। उपर्युक्त समूह के अंतर्गत वर्गीकृत तेरह राज्यों में वितरित कुल राशि इस वर्ष 113 करोड़ रुपये है जबकि पिछले वर्ष वह 101 करोड़ रुपये थी और इस वर्ष वितरित कुल राशि में इसका अंश 48 प्रतिशत था। उत्तर प्रदेश तथा पूर्वी क्षेत्र के राज्यों अर्थात् बिहार, उड़ीसा और पश्चिम बंगाल का कार्य इस वर्ष के दौरान संतोषजनक पाया गया है और उन्होंने कुल 80 करोड़ रुपयों की राशि प्राप्त की है जबकि पिछले वर्ष उन्होंने 66 करोड़ रुपये प्राप्त किये थे। इस उत्साहजनक गतिविधि से भावी प्रगति के लिए विश्वास पैदा होता है क्योंकि इन राज्यों में भारी मात्रा में विकास की अप्रयुक्त क्षमता उपलब्ध है। इन राज्यों में प्रवर्तित तथा स्वीकृत योजनाओं की संख्या में होनेवाली वृद्धि इस बात को प्रमाणित करती है कि सदस्य बैंक विकास योजनाओं का प्रवर्तन करने में अधिकाधिक रुचि ले रहे हैं। पिछले वर्ष जहां कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम के 128 करोड़ रुपयों के वायदे से युक्त 725 योजनाएं स्वीकार की गयी थीं वहां इस वर्ष के दौरान समस्त कम विकसित राज्यों में 917 योजनाएं स्वीकार की गयी हैं जिनके संबंध में निगम के वायदे की राशि 141 करोड़ रूपये है (विवरण 8)।

2.6 निगम इन राज्यों में कृषि विकास को सघन बनाने में पूर्ववत् विशेष ध्यान देता रहा। अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ की सहायता प्राप्त कतिपय विस्तार योजनाओं को स्वीकार कर अनुकूल वातावरण का निर्माण किया जा रहा है ताकि कृषक नयी टेक्नोलाजी अपनाने के लिए प्रोत्साहित हों और उससे खेती में निवेश करने की मांग उत्पन्न हो सके। इस वर्ष के दौरान निगम के अध्यक्ष और प्रबन्ध निदेशक ने इन राज्यों का दौरा किया और इस दिशा में विद्यमान विभिन्न बाधाओं का पता लगाने तथा उन्हें दूर करने के लिए आवश्यक कदम उठाने के उद्देश्य से राज्य सरकारों एवं बैंकों के साथ विचार विमर्श किया। निगम के क्षेत्रीय कार्यालयों ने अपने अपने क्षेत्र के राज्यों से निकटतम संपर्क बनाये रखा है। परन्तु इसके अलावा भारत सरकार द्वारा इन क्षेत्रों के लिए गठित वाणिज्य बैंकों की क्षेत्रीय परामर्शदात्री समितियों की आवधिक बैठकों में भी निगम भाग लेता रहा है। इन बैठकों में बैंकों द्वारा कार्यान्वित की जाने वाली कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम की योजनाओं की प्रगति का पुनरीक्षण भी किया जाता है। इस वर्ष के दौरान असम स्थित क्षेत्रीय कार्यालय को एक निदेशक के अधीन रखा गया।

लघु कृषक

2.7 इस वर्ष के दौरान निगम ने लघु कृषक विकास एजेंसी के तत्वावधान में 104 योजनाएं स्वीकृत कीं। जून, 1978 के अंत में ऐसी योजनाओं की कुल संख्या 357 थी जिसके संबंध में निगम के वायदे की राशि 72 करोड़ रूपये है (विवरण 10)। इन 357 योजनाओं में से राज्य भूमि विकास बैंकों के लिए 122 योजनाऐं स्वीकार की गयी हैं जबकि वाणिज्य बैंकों तथा राज्य सहकारी बैंकों के लिए क्रमशः 225 और 10 योजनाऐं स्वीकार की गयीं हैं। स्वीकृत योजनाओं में से अधिकांश अर्थात् 163 योजनाएं लघु सिंचाई में निवेशों से संबंधित हैं। शेष 194 योजनाएं अन्य प्रयोजनों जैसे डेरी विकास (147), मुर्गीपालन (8), भेड़ पालन (17), भूमि विकास (9), बागान/बागबानी (10), मत्स्य पालन (2) और हल तथा बैल और बैल-गाड़ी (1) से संबंधित हैं। इन योजनाओं के अंतर्गत वितरित कुल राशि जून 1978 के अंत में 33 करोड़ रुपये थी।

2.8 अन्तर्राष्ट्रीय विकास संघ द्वारा स्वीकृत पहली कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम ऋण परियोजना के अंतर्गत निगम लघु कृषकों की निवेश संबंधी आवश्यकताओं का वित्तपोषण करने के लिए कम से कम 50 प्रतिशत निधियों की व्यवस्था करने के लिए प्रतिबद्ध था। परियोजना समाप्ति रिपोर्ट के लिए जुटाए गये आंकड़ों से यह संकेत मिला है कि कुल सहायता का 54 प्रतिशत अर्थात् कुल 123 करोड़ रुपयों की वितरित पुनर्वित्त सहायता में से लगभग 66 करोड़ रुपये लघु कृषकों को प्रदान किये गये। लघु सिंचाई में निवेश करने के लिए लघु कृषकों को वितरित सहायता 55 प्रतिशत थी जबकि विविध प्रयोजनों के लिए दिये गये ऋण का प्रतिशत 38 था। विविध प्रयोजनों के लिए दिये गये ऋणों के सम्बन्ध में वितरित राशि को लघु कृषकों की श्रेणी में पूरी तरह वर्गीकृत नहीं किया जा सकता क्योंकि उन राशियों में से कुछ राशि कंपनियों के वित्तपोषण के लिए दी गयी थीं। इसके अतिरिक्त, सदस्य कि अपने निजी वित्तीय साधनों में से या कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम के कार्यक्रमों के बाहर लघु कृषक विकास एजेन्सी कार्यक्रम का वित्तपोषण कर रहे थे।

2.9 अब तक किये गये प्रयासों के बाजूद, कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम की योजनाओं को कार्यान्वित करने वाले बैंकों और उनकी शाखाओं की बहुत बड़ी संख्या को देखते हुए उक्त योजनाओं के अन्तर्गत आने वाले लघु कृषकों के संदर्भ में प्रदत्त पुनर्वित्त सहायता पर्याप्त नहीं है। उपलब्ध आंकड़ों से यह संकेत मिलता है कि लघु सिंचाई योजनाओं के अंतर्गत वितरित कुल राशि में 47 प्रतिशत अंश लघु कृषकों के लिए था। कृषि के मशीनीकरण, भंडारण और बाजार केंद्रों की योजनाओं से लघु कृषक प्रत्यक्षतः

लाभान्वित नहीं होते; परंतु इन योजनाओं से इतर विविध प्रयोजनों से संबंधित योजनाओं के अंतर्गत वितरित कुल राशि में लघु कृषकों का अंश 57 प्रतिशत है (सारणी 6)।

सारणी 6

लघु कृषकों की वित्तीय सहायता**

करोड़ रुपये

प्रयोजन	वर्ग	कुल वितरित राशि	उसमें लघु कृषकों का अंश		
			राशि	खातों की संख्या	प्रतिशत
लघु सिंचाई	(क) अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ परियोजनाएं	315.9	102.7	136960	33
	(ख) कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम परियोजना I	112.5	62.4	83387	55
	(ग) कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम परियोजना II	58.0	31.9	42520	55
	(घ) लघु कृषक विकास एजेन्सी/ सीमान्त कृषक तथा कृषि श्रमिक योजनाएं	28.7	28.7	71575	100
	(ङ) अन्य योजनाएं	164.4	93.0	232475	57
	जोड़	679.5	318.7	566917	47
विविध प्रयोजन	(क) अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ परियोजनाए*	10.4	4.6	30450	44
	(ख) कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम परियोजना I	10.5	4.0	5293	38
	(ग) कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम परियोजना II	9.0	3.4	4547	38
	(घ) लघु कृषक विकास एजेंसी/ सीमान्त कृषक तथा कृषि श्रमिक योजनाएं	2.9	2.9	6300	100
	(ङ) अन्य योजनाएं@	66.7	41.4	138167	62
	जोड़	99.5	56.3	184757	57
	सकल जोड़	779.0	375.0	751674	48

*केवल भूमि विकास से संबंधित

**31 मार्च 1978 को अनंतिम

@इनमें कृषि मशीनीकरण और भंडार शामिल नहीं हैं।

2.10 निगम द्वारा स्वीकार की गयी योजनाओं का विश्लेषण करने पर यह विदित होता है कि 387 जिलों में से 28 जिलों को छोड़कर प्रत्येक जिले में कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम की किसी न किसी प्रकार की योजना स्वीकार की गयी है। निम्नलिखित राज्यों के जिन जिलों में जून, 1978 के अंत तक कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम की कोई योजना लागू नहीं थी उनकी संख्या इस प्रकार है :—

अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	1	लक्षद्वीप	1
अरुणाचल प्रदेश	5	मेघालय	3
असम	1	मिजोरम	1
दादरा और नागर हवेली	1	नागालैंड	3
गुजरात	1	त्रिपुरा	1
हिमाचल प्रदेश	2	सिक्किम	4
जम्मू और काश्मीर	1	उत्तर प्रदेश	3

विचाराधीन योजनाएं

2.11. जून 1978 के अंत तक 883 योजनाएं निगम के विचाराधीन थीं । इनमें से 174 योजनाएं अधिकांश संदर्भों में पूर्ण थी और शेष 709 योजनाएं या तो अपूर्ण थीं या अतिरिक्त आंकड़ों की अपेक्षा के कारण उन पर कार्रवाई नहीं हो सकी थी । इन अनिर्णीत योजनाओं में से 346 योजनाएं कम विकसित/कम बैंक सुविधायुक्त क्षेत्रों के राज्यों से संबंधित थीं । विवरण 14 में विचाराधीन योजनाओं का ब्योरा दिया गया है । अनिर्णीत योजनाओं की संख्या इस बात की द्योतक नहीं है कि योजनाएं स्वीकृत करने में विलंब हो रहा है । इसके विपरीत, पिछले कई वर्षों में योजनाओं को स्वीकृत करने में तेजी लायी गयी है । स्वीकृतियों की बढ़ती हुई संख्या इस बात का प्रमाण है । वर्ष 1977–78 के दौरान अनिर्णीत योजनाओं की जो संख्या थी उसकी दुगुनी से अधिक योजनाएं, इस वर्ष के दौरान मंजूर की गयीं । इस संबंध में निगम के वायदे की राशि 330 करोड़ रुपये थी । कुछ योजनाओं को स्वीकृत करने में कुछ विलंब अनिवार्यतः हो जाता है क्योंकि उनमें तकनीकी और वित्तीय दोनों ही पहलुओं पर पर्याप्त आंकड़े नहीं होते । निगम के क्षेत्रीय कार्यालयों को यह अनुदेश दिया गया है कि वे संबंधित बैंकों के साथ ऐसे मामलों पर कार्रवाई करे ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उनके कार्यक्षेत्र में कार्यरत सदस्य बैंक निर्देशक सिद्धांतों के अनुसार योजनाएं बनाते हैं और पर्याप्त आंकड़े प्रस्तुत करते हैं जिसके परिणामस्वरूप स्वीकृतियां शीघ्र दी जा सकें ।

वर्ष के दौरान नीति संबंधी निर्णय

(i) भंडार योजनाएं

खाद्यान्न, उर्वरक, जूट जैसी वस्तुओं के स्थान और तकनीकी विशिष्टयों पर पर्याप्त ध्यान देते हुए उनके भंडार की सुविधाओं में वृद्धि करने के लिए निगम महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए प्रतिबद्ध है । जैसा पिछली वार्षिक रिपोर्ट में उल्लेख किया गया था, निगम निजी क्षेत्र द्वारा निर्मित किये जाने वाले ऐसे गोदामों के निर्माण के संबंध में पुनर्वित्त सुविधाएं देने के लिए सहमत हो गया है जो भारतीय खाद्य निगम को पट्टे पर दिये जायेंगे । योजना का परिणाम उत्साह-वर्धक था परन्तु कुछ मामलों में विभिन्न कारणों से निर्माण कार्य पूरा करने में विलम्ब हुआ । अतः निगम ने निर्माण कार्य को पूरा करने की समय सीमा प्रारंभ में 31 मार्च 1978 तक और बाद में 30 सितम्बर, 1978 तक इस शर्त पर बढ़ा दी कि उक्त आशय के प्रस्ताव वित्तीय सहायता प्रदान करने वाले बैंकों के पास 31 जुलाई 1977 से पहले पहुंच गये हों ।

3.2 भारत सरकार के इस निश्चय के अनुसरण में कि न्यूनतम 120 लाख मीटरी टन खाद्यान्न का समीकरण भंडार बनाया जाए, कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम ने भारतीय खाद्य निगम के अनुरोध पर पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल राज्यों में निजी पार्टियों द्वारा 20 लाख मीटरी टन की अतिरिक्त भंडार क्षमता वाले गोदामों का निर्माण किये जाने के लिए गोदाम निर्माण के दूसरे चरण में पुनर्वित्त सुविधाएं देने का भी निणय किया है ।

3.3 निगम ने भारत सरकार और कुछ राज्य सरकारों के साथ उर्वरक और खाद्यान्न जैसे पण्यों के भंडार और राज्य गोदाम निगम के कार्यकलापों के लिए पुनर्वित्त सुविधाएं प्रदान करने के बारें में चर्चा की । निकट भविष्य में ऐसी कई योजाओं के स्वीकार किये जाने की आशा है ।

3.4 कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम ने भारतीय जूट निगम के ,इस अनुरोध को भी स्वीकार कर लिया है कि जूट और मेस्ता पैदा करने वाले असम, बिहार, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल और त्रिपुरा के राज्यों में भंडार की तकनीकी सुविधाओं में वृद्धि की जाए । भारतीय जूट निगम को पट्टे पर दिए जाने वाले गोदामों के निर्माण के लिए सदस्य बैंकों द्वारा जो ऋण चुनी हुई निजी पार्टियों को दिया जाएगा उसके संबंध में सदस्य बैंकों को पुनर्वित्त सुविधाएं प्रदान की जाएंगी ।

(ii) पंपसेटों को बिजलीचालित करने के लिए वित्तीय सहायता

3.5 भारतीय रिजर्व बैंक ने डा० बी० वेंकटप्पया की अध्यक्षता में ग्रामीण विद्युतीकरण कार्यक्रम में वाणिज्य बैंकों के नियोजित सहयोग पर एक कार्यकारी दल की नियुक्ति की थी जिसमें कृषि पुनर्वित और विकास निगम भी सम्मिलित था । इस दल ने अपनी अंतिम रिपोर्ट में अगले पांच वर्षों की अवधि में 20 लाख पंपसेटों को बिजलीचालित करने के कार्यक्रम की सिफारिश की है । इसमें से 6 लाख पंपसेटों को बिजलीचालित करने के लिए ग्रामीण विद्युतीकरण निगम, कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम और वाणिज्य बैंकों द्वारा संयुक्त रूप से कुल 360 करोड़ रुपयों की अनुमानित लागत का वित्तपोषण किया जाएगा । उक्त राशि में सहभागी संस्थाओं का अंश बराबर बराबर होगा । इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा और असम पर विशेष ध्यान दिया जाएगा । कार्यकारी दल ने सिफारिश की है कि इन परियोजनाओं के अंतर्गत बैंकों द्वारा दिये जाने वाले ऋणों की 50 प्रतिशत तक की राशि कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम पुनर्वित्त के रूप में प्रदान करे । ऋण की चुकौती अवधि दो प्रकार की हो सकती है । 8 वर्ष तक की जिसके लिए वित्तीय सहायता वाणिज्य बैंकों द्वारा या तो स्वयं अकेले या किसी सहायता संघ के माध्यम से या ग्रामीण विद्युतीकरण निगम के सहयोग से दी जाएगी । दीर्घतर चुकौती अवधि वाले ऋणों के मामले में अपेक्षाकृत कम चुकौती अवधि वाले ऋण वाणिज्य बैंकों द्वारा और उससे दीर्घ अवधि वाले 14 वर्ष तक के ऋण ग्रामीण विद्युतीकरण निगम द्वारा दिये जाएंगे । इन ऋणों की ब्याज

दर वार्षिक 10½ प्रतिशत होगी । 2 वर्ष तक के अधिस्थगन काल तक मूल धन को वापस नहीं किया जा सकेगा । सिंचाई पंपसेटों को बिजलीचालित करने के कार्यक्रम को बढ़ावा देने की आवश्यकता को देखते हुए कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम ने इस दायित्व को स्वीकार कर लिया है ।

(iii) कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम की योजनाओं के अंतर्गत लघु कृषकों को पूंजीगत उपदान ।

3.6 इस वर्ष भारत सरकार ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है कि जो लघु और सीमांत कृषक लघु कृषक विकास एजेंसी, सूखाग्रस्त क्षेत्र कार्यक्रम, सघन क्षेत्र विकास जैसे केंद्रीय सहायता प्राप्त विशेष कार्यक्रमों के अंतर्गत नहीं आते उन्हें सभी क्षेत्रों में कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम की योजनाओं के अंतर्गत लघु सिंचाई कार्यों के लिए लघु कृषक विकास एजेंसी और सूखाग्रस्त क्षेत्र कार्यक्रमों के अन्तर्गत उसी प्रकार 25 और 33⅓ प्रतिशत के बीच पूंजीगत उपदान भी दिया जाए जिस प्रकार लघु कृषक विकास एजेंसी और सूखाग्रस्त क्षेत्र कार्यक्रमों के अंतर्गत दिया जाता है । नये क्षेत्रों में इस उपदान योजना को लागू करने के लिए राज्य सरकारें/संघ शासित क्षेत्र भी लघु और सीमांत कृषकों की उसी परिभाषा को स्वीकार करेंगे जो कि लघु कृषक विकास एजेंसी के अंतर्गत स्वीकार की गयी है अर्थात् 5 एकड़ असिंचित भूमि या 2.5 एकड़ पहली श्रेणी की सिंचित भूमि । सीमांत कृषकों के लिए उच्चतम सीमा इस प्रकार है : असिंचित भूमि के मामले में 2.5 एकड़ या यदि वह पहली श्रेणी की सिंचित भूमि हो तो 1.25 एकड़ । जहां सूखाग्रस्त विकास कार्यक्रम और मरूभूमि क्षेत्र विकास कार्यक्रम के लिए थोड़ा सा भिन्न मापदंड अपनाया गया है वहां वह मापदंड संबंधित परियोजना क्षेत्रों के लिए लागू होता रहेगा । यह निर्णय काफी हद तक उन लघु और सीमांत कृषकों की सहायता करेगा जो विशेष कार्यक्रम के अंतर्गत पूंजीगत उपदान का लाभ नहीं उठा सकते हैं । इसके परिणामस्वरूप उन्हें संस्थागत ऋण की सहायता से लघु सिंचाई के क्षेत्रों में निवेश करने की प्रेरणा मिल सकती है । भारत सरकार ने यह भी निर्णय किया है कि उक्त पूंजीगत उपदान ऋण संस्थाओं के माध्यम से दिया जाए ताकि वे संस्थाएं ऋण के सही अंतिम उपयोग को सुनिश्चित कर सकें । इस निर्णय से कृषि पुनर्वित और विकास निगम की पुनर्वित्त सहायता प्राप्त कार्यक्रमों के अंतर्गत आने वाले कृषकों की संख्या में भी वृद्धि होगी ।

(iv) कृषि कार्य में काम आने वाले बैल और पशुचालित गाड़ियां ।

3.7 ग्रामीण विकास को बढ़ाने और कम साधनों वाले व्यक्तियों को रोजगार दिलाने पर जोर देने की दृष्टि से निगम ने यह निर्णय किया है कि कृषि के कार्य में काम आने वाले बैलों को खरीदने के लिए पुनर्वित्त प्रदान करने की जो लघु सुविधा कृषक विकास एजेंसी क्षेत्र के लघु कृषकों को दी जाती है उसे अब सभी क्षेत्र के कृषकों को भी दिया जाए ।

3.8 जिन क्षेत्रों में बैलों के बाड़े की या बैलों को किराये पर प्राप्त करने की संतोषजनक व्यवस्था है वहां उपयुक्त मामले में एक बैल खरीदने के लिए भी पुनर्वित्त सुविधाएं प्रदान की जाएंगी ताकि गरीब कृषक अपने कृषि संबंधी कार्यों के लिए दूसरा बैल बाड़े में से या किराये पर ले सकें ।

3.9 ग्रामीण क्षेत्रों में यातायात के मितव्ययी साधनों के रूप में पशुचालित गाड़ियों के महत्व को देखते हुए कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम ने सदस्य बैंकों को उनके द्वारा लघु कृषकों तथा भूमिहीन मजदूरों को कृषि संबंधी कार्यों के लिए पशुओं/इस्पात की पट्टियोंवाली परंपरागत या हवादार टायरोंवाली आधुनिक पशुचालित गाड़ियों को खरीदने के निमित दिये जाने वाले ऋणों के लिए पुनर्वित्त प्रदान करने का निश्चय किया है; परन्तु इसके लिए अन्य शर्तों के साथ साथ यह शर्त भी है कि ऋणदाताओं की चुकौती क्षमता तथा ऋणों की वसूली की व्यवस्था संतोषजनक हो । ऋण की अवधि ऋणदाता की चुकौती क्षमता और संबंधित आस्ति की उपयोग क्षमता की अवधि के आधार पर निर्धारित की जाएगी परन्तु वह किसी भी स्थिति में आठ वर्षों से अधिक नहीं होगी ।

(v) कसाईखानों का आधुनिकीकरण

3.10 यह सिद्धान्त रूप से स्वीकार किया गया है कि कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम विभिन्न राज्यों में स्थापित/स्थापित किये जाने वाले कसाईखानों के लिए निगमों/कंपनियों को दिये जानेवाले बैंक ऋणों के संबंध में पुनर्वित्त की सुविधाएं कुछ शर्तों पर प्रदान करेगा। परियोजना को अपने कार्यक्षेत्र में पशु विकास को बढ़ावा देना चाहिए तथा सेवा सुविधाओं के अतिरिक्त उसमें यह भी व्यवस्था होनी चाहिये कि निगमों /कंपनियों द्वारा सीधे खरीदे गये पशुओं को काटने के लिए कसाईखानों की स्थापित क्षमता का संतोष जनक उपयोग हो ताकि बिचौलियों की संख्या कम/समाप्त हो जाए और वह लाभ कृषकों को मिले ।

(vi) अतिदेय स्तर की सीमा में छूट

3.11 भूमि विकास बैंकों द्वारा साधारण और विशेष विकास डिबेंचर जारी करने के संबंध में समान मानदंड का निर्धारण करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक ने सितंबर 1975 में डिबेंचर मानदण्ड पर एक स्थायी समिति नियुक्त की थी । उक्त समति की इस वर्ष में चार बैठकें हुई । इस वर्ष समिति ने जो महत्वपूर्ण निर्णय लिए वे इस प्रकार हैं ।

(क) डिबेंचर मानदण्ड समिति ने सिफारिश की है कि प्राथमिक भूमि विकास बैंकों/राज्य भूमि विकास बैंक की शाखाओं द्वारा किये जाने वाले वसूली कार्य का 31

दिसम्बर को अर्धवार्षिक पुनरीक्षण किया जाए; परन्तु वह कई बैंकों के लिए तभी लाभप्रद सिद्ध होगा जब जुलाई और दिसम्बर के बीच में बकाया रहने वाली राशि की मांग को हिसाब में लिए बिना बैंक जून के अंत में स्थित का पुनरीक्षण करें । यह कार्य अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ के साथ मिलकर किया जाए । परन्तु अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ इस सुझाव से सहमत नहीं था । समिति ने पुनः इस विषय पर विचार किया और समिति की आम राय यह थी कि इस विषय पर पुनः अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ से विचार विमर्श किया जाए ।

(ख) ऋण की चुकौती के कार्यक्रम में परिवर्तन करने के बजाए ऋण की चुकौती अवधियों को बढ़ाने के लिए भूमि विकास बैंकों ने अभिवेदन किया था । उसके परिप्रेक्ष्य में समिति ने यह निर्णय किया है कि ऋण की चुकौती अवधियों को बढ़ाने के प्रस्तावों पर अकालग्रस्त क्षेत्रों के संबंध में ही विचार किया जाएगा; परन्तु उसमें निम्नलिखित सावधानियां अपेक्षित होंगी ।

(i) राज्य भूमि विकास बैंकों को पर्याप्त स्थिरीकरण निधियां उन व्यवस्थाओं के अनुसार जुटानी चाहिए जो भारत सरकार द्वारा 1972 में सुझायी गयी थीं । साथ ही, उक्त व्यवस्थाओं में उल्लिखित प्रकार से उक्त निधियों में अंशदान देने के लिए राज्य सरकारों को भी सहमत होना चाहिए ।

(ii) स्थिरीकरण निधियों को हिसाब में लेने के बाद भी जहां ऋण की अवधि बढ़ाएं जाने के फलस्वरूप उत्पन्न वित्तीय देयता को चुकाने के लिए राज्य भूमि विकास बैंकों की स्वाधिकृत निधियां पर्याप्त न हों और वे नियत तारीख को डिबेंचरों के शोधन की स्थित में न हों वहां संबंधित राज्य सरकार को अपने नाम धारित डिबेंचरों के शोधन को स्थगित करना चाहिए ।

(iii) जहां विशेष विकास डिबेंचरों का वार्षिक शोधन करना है जहां जब तक बैंक अपने वायदों को पूरा करने की स्थिति में न हों तब तक राज्य सरकार को कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम द्वारा निर्धारित तारीखों को अपने डिबेंचरों के पुनः क्रम पर जोर नहीं देना चाहिए ।

अंतिम निर्णय लेने से पहले राज्य सरकारों के अभिमत मांगे गये हैं ।

(ग) यह भी निर्णय किया गया कि मांग के 25 प्रतिशत के स्तर तक अतिदेयों की स्थिति में सुधार हो जाने के बाद भी कम से कम एक वर्ष तक बकाया राशि के स्तर को सिद्धांत रूप से कम करने के लिए अपने शेयर पूंजी अंशदान को वापस न लेने का राज्य सरकारों से अनुरोध किया जाए । फिर भी उक्त अंशदान को किसी ऐसे दूसरे प्राथमिक भूमि विकास बैंक/राज्य भूमि विकास बैंक की ऐसी दूसरी शाखा को आबंटित किये जाने में कोई आपति नहीं होगी जिसकी अतिदेयो की स्थिति उसे ऋण प्रदान कार्यक्रम के लिए निर्बाध रूप से पात्र नहीं बनाती ।

(घ) 1969 से पहले दिये गये ऋणों के मामले में 5 वर्ष और उससे अधिक अवधि के अतिदेयो को अवरुद्ध खाते में अलग रखने की सुविधा दी गयी है । उस सुविधा को 1971–72 तक दिये गये ऋण के लिए भी अब लागू कर दिया गया है । यह छूट एक बार ही मिलेगी और उक्त अवधि को और बढ़ाने के लिए कोई अनुमति नहीं दी जाएगी ।

(ङ) डिबेंचर मानदंड समिति ने सूखा, बाढ़ जैसे प्राकृतिक संकटों से प्रभावित क्षेत्रों में ऋण की चुकौती के कार्यक्रम में परिवर्तन करने से संबंधित मामलों पर भी विचार किया और यह निर्णय किया कि :—

(i) जो ऋणदाता आयकर अदा करते हैं उन्हें ऋण की चुकौती के कार्यक्रम में परिवर्तन करने की सुविधा देना आवश्यक नहीं है ।

(ii) ट्रैक्टर के लिए ऋण लेने वालों के मामले में ऋण की चुकौती के कार्यक्रम में परिवर्तन करने की सुविधाएं प्रदान की जा सकती हैं बशर्ते कि वे आयकर देने के पात्र न हों और दो या उससे अधिक वर्षों तक लगातार सूखे आदि संकटों से प्रभावित हुए हों; और

(iii) जिन ऋणदाताओं के पास सिंचाई के अविरत स्रोत हों उनके मामले में ऋण की चुकौती के कार्यक्रम में परिवर्तन करने की समान्यतः कोई आवश्यकता नहीं है । परन्तु जहां नहर से पानी की पूर्ति नहीं होती या अन्य अविरत स्रोतो से पानी उपलब्ध नहीं होता वहां चुकौती कार्यक्रम में परिवर्तन करने की अनुमति दी जा सकती है । उपर्युक्त सुविधाएं तभी दी जाएगी जब राज्य सरकार ने छः आना या खससे कम आनावारी की घोषणा की हो ।

(च) जिस प्राथमिक भूमि विकास बैंक/राज्य भूमि विकास बैंक की शाखा की ऋण लेने की पात्रता सीमिति है वह बैंक प्रत्येक ऋण प्रकरण पर विचार करने के बाद दूसरी और उसके बाद की किस्तो से संबंधित वायदो को पूरा करने के लिए ऋण प्रदान कर सकता है । दूसरी और उसके बाद की किस्तों सहित ऋण की सभी किस्तों की राशि वितरित करने के लिए कुल अनुमत अवधि पहली किस्त की तारीख से 18 महीनों से अधिक नहीं होनी चाहिए ।

(छ) जिन प्राथमिक भूमि विकास बैंकों/राज्य भूमि विकास बैंको की शाखाओं का वसूली कार्य पिछले दो वर्षों में मांग के 40 प्रतिशत या उससे अधिक के मुकाबले मांग के 40 प्रतिशत या उससे कम हो गया हो उनकी शेयर पूंजी में मांग के 20 प्रतिशत तक अंशदान करने की अनुमति संबंधित राज्य सरकार को दी जाए ताकि सिद्धान्त रूप से उन बैंकों के अतिदेय कम होकर वे पिछले वर्ष में प्रदत्त ऋणों के 50 प्रतिशत की न्यूनतम पात्रता प्राप्त कर सकें । बैंकों को इस पात्रता का उपयोग केवल उन निवेशो को पूरा करने लिए करना चाहिए जिनके लिए स्वीकृत ऋणों की पहली और दूसरी किश्त वितरित की गयी हो ।

3.12 सघन क्षेत्र विकास परियोजनाओं के अन्तर्गत खेत विकास कार्यक्रम को तेजी से कार्यन्वित करने में अवरोधक समस्याओं का सावधानीपूर्वक पुनरीक्षण करने के बाद कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम ने लाभान्वित होने वालों से सहमति बांड प्राप्त करने से संबंधित क्रियाविधि को और सरल बनाया है। साथ ही, बैंक ऋण प्राप्त करने के लिए कृषकों को योग्य और अयोग्य श्रेणी में वर्गीकृत करने के मानदण्डों को भी शिथिल कर दिया है। दूसरा महत्वपूर्ण निर्णय यह था कि उस अवधि के दौरान जिसमें कृषको से सहमति बांड प्राप्त किये जाते हैं और अयोग्य कृषको का पता लगाया जाता है कार्यकारी प्राधिकारी को सरकारी गारंटी पर उचित किस्मों में अपेक्षित निधि अंतरिम वित्तीय सहायता के रूप में उपलब्ध करायी जाए। इस प्रकार की राशियो के लिए कृषक पुनर्वित्त और विकास निगम द्वारा पुनर्वित्त प्रदान किया जाए। अंतरिम सहायता की राशि को 12 माह में समायोजित करना होगा ऐसा करने में चूक होने पर राज्य सरकारों को वित्तीय सहायता देनेवाले बैंकों को उक्त राशि चुकानी होगी। इस संबंध में विस्तृत मार्गदर्शी सिद्धांत जारी किये गये हैं। यह भी निर्णय किया गया कि जहां योग्य और अयोग्य श्रेणियों में कृषक के वर्गीकरण का कार्य पूरा न हुआ हो वहां वित्तीय सहायता देनेवाले बैंक कुछ शर्तों पर कार्यान्वियन प्राधिकारी को खेत विकास के पूर्ण किये गये कार्यों के संबंध में सरकारी गारंटी पर तथ्यर्थ ऋण दे सकते हैं।

अन्य विकास कार्य

(क) मूल्यांकन

भारी मात्रा में ऋण प्रदान करने के परिणाम स्वरूप निगम के बढ़ते हुए दायित्वों को देखते हुए यह वांछनीय समझा गया है कि क्रियान्वित की जा रही कुछ परियोजनाओं का समवर्ती मूल्यांकन करने के लिए मूल्यांकन कक्ष का विस्तार किया जाए ताकि क्षेत्र के आधार पर ऐसी योजनाओं का अंतिम मूल्यांकन करने के लिए अपेक्षित जानकारी प्राप्त करना संभव हो सके। यह भी वांछनीय समझा गया है कि क्रियान्वित की जा रही योजनाओं की निगरानी से संबंधित व्यवस्था को और सुव्यवस्थित किया जाए। इस उद्देश्य से की पूर्ति सदस्य बैंको के सहयोग से की जा सकते है और इस दिशा में कार्रवाई भी की गयी है।

4.2 पिछले वर्ष की रिपोर्ट में चार मूल्यांकन अध्ययनों के महत्वपूर्ण निष्कर्षों का उल्लेख संक्षिप्त रूप से किया गया था। इस वर्ष निगम ने और पांच महत्वपूर्ण अध्ययन किये। इस बार उक्त उद्देश्य के संदर्भ में विभिन्न प्रकार के निवेशों वाली योजनाओं का चयन किया गया इनमें से डेरी विकास सम्बन्धी दो योजनाएं एक पंजाब में और दूसरी हरियाणा में हैं। तीसरी योजना आंध्र प्रदेश में खट्टे फलों के बगीचों के विकास से सम्बन्धित है, चौथी योजना महाराष्ट्र में उठाऊ सिचाई और पांचवीं योजना कर्नाटक में समुद्री मत्स्यपालन की योजना से सम्बन्धित है। पहली तीन योजनाओं की अध्ययन रिपोर्टों को अंतिम रूप दिया गया। शेष दो परियोजनाओं के संबंध में क्षेत्र अन्वेषण, संवीक्षा और आंकड़ों को सारणीबद्ध करने का कार्य पूरा हो गया है और रिपोर्ट अभी तैयार की जा रही है।

4.3 हरियाणा की डेरी विकास योजना केवल लघु और सीमांत कृषकों और भूमिहीन मजदूरों के हित के लिए है। मूल्यांकन अध्ययन से पता चला है कि दूध का औसत दैनिक उत्पादन लगभग 6 लीटर था। इस योजना से लाभान्वित होने वाले व्यक्ति इसमें से एक चौथाई दूध का उपयोग अपनी घरेलू खपत के लिए करते थे। दुग्ध प्रदान अवधि में शुद्ध अधिशेष प्रति भैंस 920 रुपए रहा जबकि मूल्यांकन के समय इसके 1050 रूपये होने का अनुमान लगाया गया था। ऋण चुकाने का काम संतोषजनक था और कोई भी चूककर्ता नहीं था। इस निवेश के परिणामस्वरूप प्रतिपरिवार लगभग 230 श्रम दिनों के रोजगार अवसर भी उपलब्ध हुए। निवेश पर आय की आंतरिक दर 50 प्रतिशत से भी अधिक थी। इस योजना की सफलता का श्रेय लघु कृषक विकास एजेंसी और हरियाणा डेरी विकास निगम को है। उन्होंने दूध इकट्ठा करने और उसे बेचने में सक्रिय सहयोग दिया।

4.4 पंजाब की डेरी योजना का उद्देश्य निजी समिति कंपनी द्वारा मोगा में स्थापित डेरी संयंत्र के लिए दूध की पूर्ति बढ़ाना था। खरीदी गयी भैंसें अच्छी नस्ल की थीं और दूध का लगभग आधा हिस्सा कृषकों ने अपने घरेलू उपयोग के लिए रख लिया था। यह विदित हुआ कि प्रति भैंस लगभग 100 श्रम दिनों के रोजगार अवसर उपलब्ध हुए। शुद्ध अधिशेष लगभग 1120 रुपए था जबकि मूल्यांकन के समय उसके 960 रूपये होने का अनुमान लगाया गया था। उसका मुख्य कारण यह था कि ऋणादाताओं को दूध का ऊंचा भाव मिला। उपर्युक्त डेरी संयंत्र द्वारा पशु खरीदने उसकी चिकित्सा करने, चारे, दाना आदि की पूर्ति करने में विभिन्न प्रकार की सहायता दी गयी। अतः यह योजना सफल हुई। कुछ ऋण 3 वर्ष से अधिक अवधि से बकाया थे। इसका कारण यह बताया गया कि बाजार भाव की तुलना में कंपनी ने कम भाव दिया। इसके परिणामस्वरूप कुछ दूध की नकद बिक्री की गयी। निवेश पर आय की आंतरिक दर 50 प्रतिशत से भी अधिक रही।

4.5 आंध्र प्रदेश की बागबानी योजना के अंतर्गत खट्टे फलों के बगीचे लगाए जाएंगे और पंपसेट वाले सिंचाई कुओं का निर्माण किया जाएगा। यह पाया गया कि लघु सिंचाई कार्यों के लिए दिये गये ऋण की राशि अपेक्षित मात्रा में नहीं थी। प्रति पेड़ उत्पादन संतोषजनक था और यह मूल्यांकन के समय लगाये गये अनुमान के अनुरूप था। नये कुओं और पंपसेट वाले नवीकृत कुओं से ऋणदाता की आय में प्रति एकड़ लगभग 2300 रुपयों की वृद्धि हुई। निवेश पर आय की आंतरिक दर लगभग 20 प्रतिशत थी।

यह पाया गया कि ऋणदाताओं द्वारा रोपण के समय और उसके बाद अपेक्षित सावधानी न बरतने और कुओं में पर्याप्त पानी न होने तथा तकनीकी मार्गदर्शन न मिलने के कारण कुछ बगीचे असफल रहे ।

(ख) निगरानी

4.6 कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम ने अपने सदस्य बैंकों को यह परामर्श दिया था कि वे अपने द्वारा कार्यान्वित की जानेवाली योजनाओं की प्रभावी निगरानी करने के उद्देश्य से अपने यहां परियोजना निगरानी कक्ष स्थापित करें । उस परामर्श के अनुसरण में निगम ने कलकत्ता, पुणे, और मद्रास में उन कक्षों के मार्गदर्शन हेतु अल्पावधि प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाय । इसके अतिरिक्त कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम के अधिकारियों ने सिंडीकेट बैंक के अनुरोध पर उस बैंक के परियोजना निगरानी कक्ष के अधिकारियों को भी निगरानी सम्बन्धी अध्ययन करने के विषच में प्रशिक्षण दिया । निगम द्वारा पहल करने के परिणामस्वरूप अब सात वाणिज्य बैंकों और तीन भूमि विकास बैंकों में अलग अलग निगरानी और मूल्यांकन कक्षों की स्थापना की गयी है और शीघ्र ही तीन और वाणिज्य बैंकों द्वारा ऐसे कक्ष स्थापित किये जाने की की आशा है । इस प्रकार के कक्ष स्थापित करने के लिए दूसरे बैंक की प्रतिक्रिया भी उत्साहवर्धक है ।

4.7 इस वर्ष के दौरान निगम ने लघु सिचाई निवेशों के मामले में निगरानी और समवर्ती मूल्यांकन अध्ययन करने के लिये विस्तृत मागदर्शी सिद्धान्त बनाये और क्षेत्रीय कार्यालयों को भेज दिये ताकि वे कार्यालय उन पर अमल करें। उक्त मागदर्शी सिद्धान्तों में निम्न बातें निर्दिष्ट की गई हैं नमूना क्रियाविधि जिसका अनुसरण किया जाय, प्रश्नावली, का स्वरूप जिसे प्रचारित किया जाये और इन अध्ययनों के लिये तैयार किये जाने वाले रिपोर्ट का प्रारूप। दूसरे प्रकार के निवेशों के लिये भी ऐसे ही मार्गदर्शी सिद्धान्त बनाये जा रहे हैं ।

(i) योजनान्त रिपोर्ट

4.8 इस वर्ष के दौरान कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम ने योजनान्त रिपोर्टों को तैयार करने का कार्य आरम्भ किया। इसके मुख्य उद्देश्य इस प्रकार थे—योजनाओं के कार्यान्वयन में प्राप्त अनुभव को समेकित करना और नई योजनाओं की व्याप्ति, स्वरूप और विषयवस्तु में सुधार लाने के लिये उसका उपयोग करना और साथ ही, यदि आवश्यक प्रतीत हुआ तो पर्यवेक्षण नियंत्रण को कड़ा करना। ऐसी रिपोर्टों में अन्य बातों के साथ साथ निम्न बातें भी होंगी—योजनाओं के प्रस्तुतीकरण, मूल्यांकन और स्वीकृति के बीच की अन्तराल अवधि का विश्लेषण, मूल्यांकन अनुमानों से अन्तर होने के कारणों पर चर्चा, वित्तपोषण करने वाले बैंकों की पर्यवेक्षण पद्धति और नियंत्रण का पुनरीक्षण योजनाओं के कार्यान्वयन की प्रगति में बाधा डालने वाली यदि कोई समस्या हो तो उसका निर्धारण, सहायक सेवाओं की पर्याप्तता या अपर्याप्तया पर टिप्पणी और उस प्रकार की योजनाओं की व्याप्ति, स्वरूप और विषय वस्तु में भविष्य में सुधार लाने के लिये सिफारिशें। विभिन्न प्रयोजनों की पांच योजनाओं के लिये ऐसी रिपोर्टें इस वर्ष के दौरान पूरी की जा चुकी है और दूसरी आठ योजनाओं की रिपोर्टों को अन्तिम रूप दिया जा रहा है। अब तक पूरी की गई रिपोर्ट के आधार पर निगम के क्षेत्रीय कार्यालयों के उपयोग के लिये मागदर्शी सिद्धान्त तैयार किये जा रहे हैं।

(ii) परियोजना समाप्ति रिपोर्ट

4.9 पिछले वर्ष की रिपोर्ट में इस बात का उल्लेख किया गया था कि आन्ध्र प्रदेश, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, पंजाब, हरियाणा, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक तथा कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम की पहली ऋण परियोजना पर परियोजना समाप्ति रिपोर्ट तैयार करने के लिये निगम वचनबद्ध है। इस वर्ष के दौरान कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम ने महाराष्ट्र और तमिलनाडु में कार्यान्वित की गई कृषि ऋण परियोजनाओं और निगम की अपनी पहली ऋण परियोजना की परियोजना समाप्ति रिपोर्ट तैयार करने में अन्तर्राष्ट्रीय विकास संघ की सक्रिय सहायता की।

4.10 महाराष्ट्र परियोजना समाप्ति रिपोर्ट को तैयार करने के एक भाग के रूप में परियोजना के अन्तर्गत खेत सम्बन्धी लाभों के मूल्यांकन के लिये कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम ने उक्त परियोजना क्षेत्र में एक शीघ्र क्षेत्र अध्ययन किया तथा वित्तीय और आर्थिक विश्लेषण के लिये आवश्यक आंकड़े एकत्रित किये ।

4.11 तमिलनाडु परियोजना समाप्ति रिपोर्ट में भूमिगत जल के उपयोग पर जोर दिया गया था । इसी के एक भाग के रूप में तमिलनाडु राज्य भूमि विकास बैंक ने खेत सम्बन्धी लाभ का सर्वेक्षण किया। सर्वेक्षण की आयोजना और संचालन में तथा आंकड़ों के संसाधन तथा सारणीकरण में कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम ने विश्व बैंक की सहायता की ।

4.12 तमिलनाडु राज्य भूमि विकास बैंक द्वारा एकत्रित किये आंकड़ों से यह विदित हुआ है कि राज्य में बहुत बड़ी संख्या में कुओं के निर्माण के लिये निजी स्रोतों से वित्तीय सहायता प्राप्त की गई। चूंकि इसमें नीति सम्बन्धी गम्भीर प्रश्न जुड़े हुए थे, अतः निगम ने इस सम्बन्ध में सही स्थिति का मूल्यांकन करने के लिये शीघ्र क्षेत्र सर्वेक्षण किया । इस सर्वेक्षण के दौरान प्राप्त आंकड़ों से यह ज्ञात हुआ कि प्राथमिक भूमि विकास बैंकों की वित्तीय सहायता से नवनिर्मित कुओं का अनुपात आधिकारिक आंकड़ों में उल्लिखित अनुपात से कहीं अधिक था।

4.13 अन्तर्राष्ट्रीय विकास संघ ने भविष्य में परियोजना समाप्ति रिपोर्टें तैयार करने का कार्य निगम को सौंप दिया है। इस प्रकार पंजाब और हरियाणा में कृषि ऋण परियोजनाओं से सम्बन्धित संयुक्त परियोजना समाप्ति रिपोर्ट निगम द्वारा तैयार की गई और उसे अन्तर्राष्ट्रीय विकास संघ को भेज दिया गया ।

4.14 उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और कर्नाटक में कृषि ऋण परियोजनाओं की परियोजना समाप्ति रिपोर्ट तैयार करने के सम्बन्ध में क्षेत्रगत जांच पड़ताल पहले ही पूरी की जा चुकी है तथा आंकड़ों के संसाधन और सारणीकरण का कार्य चल रहा है। उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश की परियोजना समाप्ति रिपोर्टों से संबंधित क्षेत्रगत कार्य निगम द्वारा किया गया परन्तु कर्नाटक परियोजना समाप्ति रिपोर्ट से संबंधित क्षेत्रगत कार्य कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय बंगलूर द्वारा किया गया। उक्त तीनों परियोजना रिपोर्टें निगम द्वारा तैयार की जा रही हैं।

(ग) प्रशिक्षण

(i) वरिष्ठ और मध्यवर्ती कर्मचारी

4.15 विभिन्न स्तरों पर परियोजना कार्य में लगे व्यावसायिक कर्मचारियों की कार्यगत क्षमता को सुधारने की दृष्टि से वित्तीय सहायता प्रदान करने वाले बैंकों, मुख्यतः भूमि विकास बैंकों के वरिष्ठ मध्यवर्ती स्तर के अधिकारियों और भूमि विकास बैंक के कनिष्ठ स्तर के कर्मचारियों के लिये प्रशिक्षण व्यवस्था को इस वर्ष के दौरान काफी मजबूत बनाया गया। कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम की पहली ऋण परियोजना के अन्तर्गत आरम्भ किये गये कार्यक्रमों के अनुसरण में किये जाने वाले दूसरे कार्यक्रमों की सहायता अन्तर्राष्ट्रीय विकास संघ करता है। इस प्रयोजन के लिये संघ ने कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम की दूसरी परियोजना के अन्तर्गत 10 लाख डालर का ऋण आबंटित किया था।

4.16 आलोच्य वर्ष में चार सप्ताह के 15 और कृषि परियोजना पाठ्यक्रम कृषि बैंकिंग महाविद्यालय, पुणे में चलाये गये। ऋण पाठ्यक्रमों में 405 वरिष्ठ/मध्यवर्ती स्तर के (भूमि विकास बैंकों के 246 अधिकारी सहित) अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। उन्हीं पाठ्यक्रमों में नेपाल, नाइजीरिया और दूसरे अफ्रीकी देशों के विदेशी अधिकारियों को भी प्रशिक्षित किया गया।

4.17 उत्तर पूर्वी क्षेत्र, दक्षिणी क्षेत्र और पश्चिमी क्षेत्र के वरिष्ठ और मध्यवर्ती स्तर के अधिकारियों के लिये क्रमशः गौहाटी, मद्रास और अहमदाबाद में तीन (दस दिवसीय) क्षेत्रीय कृषि परियोजना पाठ्यक्रम भी आयोजित किये गये। उनमें क्षेत्रीय समस्याओं और विशिष्टताओं पर ध्यान केन्द्रित किया गया। इन क्षेत्रीय कृषि परियोजना पाठ्यक्रमों में कुल 88 अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। उनमें 19 अधिकारी भूमि विकास बैंक के थे।

4.18 परियोजनाओं को व्यावहारिक बनाने में तकनीकी पहलुओं के मूलभूत महत्व को ध्यान में रखते हुए भूमि विकास बैंकों, वाणिज्य बैंकों, परियोजनाओं के कार्यान्वयन से सम्बद्ध सरकारी विभागों/सार्वजनिक क्षेत्र के निगमों के वरिष्ठ और मध्यवर्ती स्तर के तकनीकी अधिकारियों के लिये जल भौमिकी (हाइड्रोजियालाजी) में दो तकनीकी पाठ्यक्रम भी, एक हैदराबाद और दूसरा अहमदाबाद में, चलाये गये। इन पाठ्यक्रमों से 54 अधिकारी लाभान्वित हुए जिनमें से 29 अधिकारी भूमि विकास बैंकों के थे।

4.19 अब तक 1401 वरिष्ठ और मध्यवर्ती स्तर के अधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया। उनमें 702 अधिकारी भूमि विकास बैंकों के थे, 481 वाणिज्य बैंकों के और शेष 218 भारतीय रिजर्व बैंक, कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम, राज्य सरकारों आदि के थे।

(ii) भूमि विकास बैंकों के कनिष्ठ स्तर के कर्मचारी

4.20 कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम के व्यापक मार्गदर्शन के अन्तर्गत भूमि विकास बैंकों के कनिष्ठ स्तर के कर्मचारियों के लिये सम्बन्धित भूमि विकास बैंकों द्वारा चलाये जा रहे प्रशिक्षण पाठ्यक्रम की गति में इस वर्ष के दौरान तेजी आई; इस पाठ्यक्रम के क्रियान्वयन का यह दूसरा वर्ष था। जहां 1976-77 के दौरान 13 भूमि विकास बैंकों द्वारा आयोजित 111 पाठ्यक्रमों में इस श्रेणी के कुल 3,034 कर्मचारी प्रशिक्षित किये गये थे, वहां आलोच्य वर्ष के दौरान 14 राज्य भूमि विकास बैंकों द्वारा आयोजित 178 पाठ्यक्रमों में 4,525 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। इस प्रकार इन पाठ्यक्रमों में भाग लेने वालों की संख्या में पिछले वर्ष के मुकाबले 50 प्रतिशत वृद्धि हुई। यह इसलिये संभव हो सका कि कुछ राज्य भूमि विकास बैंकों द्वारा अतिरिक्त माध्यम शुरू किये गये तथा अधिकांश बैंकों द्वारा पिछले वर्ष के मुकाबले अधिक संख्या में पाठ्यक्रम आयोजित किये गये।

4.21 प्रशिक्षण विकास कार्यक्रम का उल्लेख 1975-76 की वार्षिक रिपोर्ट में किया गया है। उसके अन्तर्गत प्रशिक्षकों के लिये दूसरी कार्यशाला का आयोजन कृषि बैंकिंग महाविद्यालय, पुणे में फरवरी/मार्च 1978 में किया गया। पहली कार्यशाला का आयोजन रिजर्व बैंक स्टाफ महाविद्यालय, मद्रास में अगस्त 1976 में किया गया था। कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम ने पाठ्य-सामग्री का एक खंड प्रशिक्षण केन्द्रों में परिचालित किया ताकि पाठ्यक्रम की सामग्री तैयार करने में उन्हें उससे सहायता मिले। साथ ही, उसकी प्रतियों को केन्द्रों के बीच इस उद्देश्य से वितरित किया गया कि वे, जहां तक संभव हो, उसका क्षेत्रीय भाषाओं में अनुवाद कर लें। प्रशिक्षकों की कार्यशालाओं में भाग लेने वालों के उपयोग के लिये कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम द्वारा पाठ्य-सामग्री के दूसरे खण्ड का संकलन भी किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम पर प्रभावी निगरानी करने के लिये कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम समय-समय पर अपने अधिकारियों को केन्द्रों का निरीक्षण करने के लिये प्रतिनियुक्त करता रहता है। आलोच्य वर्ष के दौरान 12 राज्य भूमि विकास बैंकों के 21 प्रशिक्षण केन्द्रों का निरीक्षण किया गया।

(iii) प्रशिक्षण सम्बन्धी अन्य व्यवस्थायें

4.22 कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम भारत के दौरे पर आने वाले विदेशी अधिकारियों, राज्य सरकारों के सहकारिता और कृषि से सम्बद्ध अधिकारियों तथा भूमि विकास बैंकों के अधिकारियों को अध्ययन सुविधायें बराबर

देता रहा। इस वर्ष के दौरान ये सुविधायें अफ्रीकी-एशियाई देशों के 26 अधिकारियों और विद्वानों को प्रदान की गईं।

(घ) स्टाफ में वृद्धि

4.23 निगम के कार्य की मात्रा में वृद्धि होने के कारण इस वर्ष के दौरान दो उप प्रबन्ध निदेशक नियुक्त किये गये। इनमें से एक उप प्रबन्ध निदेशक प्रधान कार्यालय में सदस्य बैंकों द्वारा प्रस्तुत योजनाओं/परियोजनाओं से संबंधित कार्य करने वाले परियोजना प्रभागों के कार्यों में समन्वय लाते हैं, जबकि दूसरे उप प्रबन्ध निदेशक निगम के योजना और विकास तथा प्रशासन और लेखा और निधि प्रभागों का काम देख रहे हैं।

4.24 उप प्रबन्ध निदेशकों ने कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम के प्रतिनिधियों के रूप में अन्तर्राष्ट्रीय विकास संघ के साथ हरियाणा सिंचाई परियोजना और राष्ट्रीय बीज परियोजना (द्वितीय चरण) पर बातचीत में भाग लिया।

4.25 निगम के दो निदेशकों और एक उप निदेशक को हरियाणा सिंचाई परियोजना, आन्ध्र प्रदेश मत्स्यपालन परियोजना तथा जम्मू व काश्मीर बागवानी परियोजना से संबंधित अन्तर्राष्ट्रीय विकास संघ के मूल्यांकन शिष्टमण्डलों के साथ ऋण विशेषज्ञों के रूप में भी सम्बद्ध किया गया। एक अन्य वरिष्ठ अधिकारी अन्तर्देशीय मत्स्यपालन परियोजना का पता लगाने के लिये नियुक्त अन्तर्राष्ट्रीय विकास संघ अन्तर्देशीय मत्स्यपालन उप-क्षेत्रीय शिष्ट मण्डल के सदस्य थे।

4.26 इसके अतिरिक्त इस वर्ष के दौरान कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम के प्रधान कार्यालय के कनिष्ठ विश्लेषकों के लिये एक दस-दिवसीय अन्तर्सेवाकालीन कार्याभिमुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया जिसमें 20 अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया।

4.27 कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम ने देश की विभिन्न प्रबन्ध संस्थाओं द्वारा आयोजित प्रबन्ध सम्बन्धी प्रशिक्षण कार्यक्रमों और विचार-गोष्ठियों में भाग लेने के लिये छः वरिष्ठ अधिकारियों को प्रतिनियुक्त भी किया।

(ङ) क्षेत्रीय कार्यालयों के प्रभारी अधिकारियों का सम्मेलन

4.28 निगम के क्षेत्रीय कार्यालयों के निदेशकों और प्रभारी अधिकारियों का चौथा सम्मेलन मार्च 1978 में हुआ। उसका प्रमुख उद्देश्य कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम की दूसरी ऋण परियोजना के कार्यान्वियन तथा अन्तर्राष्ट्रीय विकास संघ को प्रस्तुत करने हेतु कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम की तीसरी ऋण परियोजना की परियोजना रिपोर्ट तैयार करने के लिये अपनाये जाने वाले दृष्टिकोण का पुनरीक्षण करना था। सम्मेलन में वर्तमान क्रियाविधियों और परिचालन सम्बन्धी अन्य मामलों की भी समीक्षा इस उद्देश्य से की गई कि उन्हें इस प्रकार सरल बनाया जाये कि मंजूरियां देने और राशियां वितरित करने के कार्य में शीघ्रता आ सके।

(च) वाणिज्य बैंकों के अतिदेयों सम्बन्धी कार्यशालायें

4.29 कृषि के लिये दिये जाने वाले मीयादी ऋणों के सम्बन्ध में मांग वसूली के आंकड़ों का ठीक से संकलन करने और तत्सम्बन्धी अतिदेयों की सही स्थिति पर पहुंचने में वाणिज्य बैंकों के अधिकारियों को मार्गदर्शन देने हेतु कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम ने 13 राज्यों में राज्यवार कार्यशालाओं का आयोजन किया। इसमें रिजर्व बैंक के बैंकिंग परिचालन और विकास विभाग तथा ऋण आयोजना और बैंकिंग विकास कक्ष ने सहयोग दिया। कार्यशालाओं के निष्कर्षों के आधार भारतीय रिजर्व बैंक के परामर्श से उपयुक्त मार्गदर्शन सिद्धान्त जारी किये जाने का प्रस्ताव है ताकि वाणिज्य बैंकों द्वारा अतिदेयों के निर्धारण और मांग के परिकलन के सम्बन्ध में अपनाई जाने वाली क्रियाविधियों में और भूमि विकास बैंकों द्वारा अपनाई जाने वाली क्रियाविधियों में एकरूपता लायी जा सके।

अंतर्राष्ट्रीय सहायता एजेंसियों की सहायता प्राप्त परियोजनाएं

I. अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ/अंतर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण विकास बैंक की सहायता प्राप्त परियोजनाएं

इस वर्ष के दौरान और छः परियोजनाओं के सम्बन्ध में विश्व बैंक समूह के साथ बातचीत की गई। इन परियोजनाओं के लिये ऋण कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम के माध्यम से दिया जायेगा। उक्त परियोजनायें इस प्रकार हैं: उड़ीसा सिंचाई परियोजना, कर्नाटक सिंचाई परियोजना, आन्ध्र प्रदेश मत्स्यपालन परियोजना, जम्मू और काश्मीर बागवानी परियोजना, राष्ट्रीय बीज परियोजना दूसरा चरण और हरियाणा सिंचाई परियोजना।

5.2 जून 1978 के अन्त तक 35 परियोजनाओं को स्वीकार किया गया है जिनके लिये विश्व बैंक समूह से सहायता प्राप्त होने की परिकल्पना की गई है। उक्त परियोजनाओं में 12 कृषि ऋण परियोजनायें, 7 सघन क्षेत्र विकास परियोजनायें, 3 डेरी विकास परियोजनायें, 3 बीज परियोजनायें, 2 बाजार केन्द्र परियोजनायें, 2 बागवानी और विपणन परियोजनायें, 2 मत्स्यपालन परियोजनायें, एक समन्वित रूई विकास परियोजना, कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम को प्रदान किये जाने वाले दो सामान्य ऋण और एक सिंचाई परियोजना शामिल है। चार परियोजनाओं अर्थात् तराई बीज परियोजना, आन्ध्र प्रदेश सिंचाई और सघन क्षेत्र विकास संयुक्त परियोजना, चम्बल सघन क्षेत्र विकास परियोजना (राजस्थान), राष्ट्रीय बीज परियोजना I और गुजरात मत्स्यपालन परियोजना के एक भाग का कार्यान्वियन विश्व बैंक की सहायता से किया जा रहा था जबकि शेष परियोजनाओं को अन्तर्राष्ट्रीय विकास संघ द्वारा सहायता दी जा रही थी।

5.3 प्रयोजनवार ऋण कार्यक्रम, अब तक वितरित राशि और जून 1978 के अन्त तक प्रतिपूर्ति की गई या प्रतिपूर्ति के पात्र राशियों की स्थिति का सारांश सारणी 7 में दिया गया है। प्रत्येक परियोजना की प्रमुख विशेषतायें विवरण 11 में दी गई हैं और प्रत्येक परियोजना के अन्तर्गत कुल ऋण कार्यक्रम, वितरित राशि आदि से संबंधित आंकड़े विवरण 12 में दर्शाये गये हैं।

5.4 जून 1978 के अन्त में विश्व बैंक समूह की चालू विभिन्न परियोजनाओं के अधीन कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम द्वारा वितरित कुल राशि 610 करोड़ रुपये है। यह राशि कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम द्वारा अब तक वितरित कुल राशि का 58 प्रतिशत है। चूंकि विभिन्न परियोजनाओं के अधीन कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम/वित्तपोषक संस्थाओं द्वारा वितरित राशि की प्रतिपूर्ति निर्धारित प्रतिशत के आधार पर विदेशी मुद्रा विनिमय की तत्कालीन दरों पर भारत सरकार को जाती है, अतः उपर्युक्त वितरणों के फलस्वरूप लगभग 4,700 लाख डालर की विदेशी मुद्रा सरकार को प्राप्त हुई है।

क. कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम की ऋण परियोजनायें

5.5 कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम की पहली ऋण परियोजना जून 1977 के अन्त तक, अर्थात् निर्धारित समय से 6 महीने पहले ही पूरी हो गई थी। उक्त परियोजना के अधीन निगम द्वारा 18 राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों में कुल 123 करोड़ रुपयों की राशि वितरित की गई। साथ ही, निगम ने उक्त निधियों की कुल राशि का कम से कम 50 प्रतिशत अंश लघु कृषकों की परियोजना के अधीन वितरित करने का अपना वचन भी पूरा किया और इस सन्दर्भ में 66 करोड़ रूपयों अर्थात् कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम के कुल वितरण के लगभग 54 प्रतिशत अंश का वितरण किया।

सारणी 7

प्रयोजन के अनुसार अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ/अंतर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण विकास बैंक की परियोजनाएं

करोड़ रुपए

प्रयोजन	ऋण का उपयोग करने के लिए आवश्यक वितरण	कृपुवि निगम के कार्यक्रम के लिए अंवि संघ अंपुवि बैंक की सहायता की राशि	30 जून 1978 तक कृपुवि निगम द्वारा दिया गया पुनर्वित्त	30 जून 1978 तक अंवि संघ/अंपुवि बैंक द्वारा भारत सरकार के माध्यम से वितरित राशि
1. लघु सिंचाई	802.6	470.2	498.4	341.8
2. भूमि विकास	14.2	11.0	5.7	
3. कृषि मशीनीकरण	93.3	57.3	64.6	
4. बाजार केंद्र विकास	23.8	17.2	10.5	5.1
5. खराब होने वाली बागबानी उपज का अभिसंस्करण और विपणन	30.3	13.3	0.1	—
6. डेरी विकास	60.6	47.6	—	—
7. सघन क्षेत्र विकास	68.6	46.5	3.2	1.7
8. बीज उत्पादन	51.0	35.9	2.1	1.9
9. विविध प्रयोजन* (जैसे वृक्ष की फसलें, मुर्गी पालन आदि)	99.8	50.1	24.9	8.9
10. मत्स्यपालन विकास	22.3	7.7	—	—
11. रुई का विकास और** अभिसंस्करण	16.1	10.3	0.6	0.3
जोड़	1282.6	767.1	610.1	359.7

* इसमें केरल में रोपण फसलों का विकास शामिल है

** इसमें समन्वित रुई विकास परियोजना के अधीन उन्नत किस्म की रुई पैदा करने के लिए निर्धारित 75 लाख डालरों का ऋण शामिल है।

5.6 कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम की दूसरी ऋण परियोजना के लिये अन्तर्राष्ट्रीय विकास संघ ने 2000 लाख डालर के ऋण की मंजूरी जून 1977 में दी थी। उक्त परियोजना अगस्त 1977 से अमल में आई। इस परियोजना का कार्यक्रम दो वर्षों का है तथा यह सामान्यतः पहले ऋण के अधीन शुरू किये गये कार्यक्रमों को जारी रखने के लिये है। उक्त 2000 लाख डालर की राशि में से 1750 लाख डालर लघु सिंचाई और खेतों के विकास कार्य के लिये निर्धारित हैं, 240 लाख डालर विविध (पम्प सेटों को बिजली चालित करने, भंडार और विपणन तथा कृषि मशीनीकरण से इतर) ऋण प्रयोजनों के लिये और शेष राशि प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिये उपलब्ध है। इस परियोजना की शर्तें लगभग वैसी ही हैं जो कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम की पहली ऋण परियोजना के लिये थीं। जून 1978 के अन्त में उक्त परियोजना के अधीन वितरित कुल राशि 105 करोड़ रुपये थी जिससे भारत सरकार 680 लाख डालर का ऋण प्राप्त कर सकेगी। परियोजना के अधीन वितरित राशि 600 लाख डालर के मूल्यांकन अनुमान से भी अधिक है। इस परियोजना के अधीन 21 राज्यों/संघशासित क्षेत्रों ने कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम से पुनर्वित्त सहायता प्राप्त की है। लघु सिंचाई निवेशों के लिये निगम द्वारा कुल 90 करोड़ रुपये वितरित किये गये जबकि विविध प्रयोजनों के लिये वितरित राशि 15 करोड़ रुपये थी। परियोजना के भाग के रूप में दो समितियां गठित की गई हैं जिनके कार्य इस प्रकार है:

(1) भारत के कृषि ऋण क्षेत्र में ब्याज दरों में विद्यमान अन्तर का अध्ययन, विशेष रूप से भूमि विकास बैंकों की आवश्यकताओं के सन्दर्भ में; और (2) अगले पांच वर्षों में भारत में बदले जाने योग्य पम्पसेटों की अनुमानित संख्या का अध्ययन। देश के कतिपय क्षेत्रों में उपलब्ध भूमिगत जल का अत्यधिक उपयोग किये जाने की संभावनाओं से संबंधित समस्या का नमूने के तौर पर अध्ययन करने के लिये भी एक समिति का गठन किया गया है ताकि कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम इन क्षेत्रों में लघु सिंचाई के भावी निवेशों का वित्तपोषण करने के लिये अपनी नीतियां बना सके।

ख. कृषि ऋण परियोजनायें

5.7 1970 से लेकर अब तक स्वीकृत बारह कृषि ऋण परियोजनाओं का कार्यान्वयन संबंधित राज्यों के किसी भाग तक या पूरे राज्य तक सीमित कर दिया गया था। सामान्यतः कृषि ऋण परियोजनाओं में लघु सिंचाई के अन्तर्गत खेतों के विकास से संबंधित निवेशों की परिकल्पना की जाती है, जैसे कुंओं का निर्माण, पम्प सेटों और नलकूपों आदि का लगाया जाना। तमिलनाडु, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और महाराष्ट्र जैसी कुछ कृषि ऋण परियोजनाओं में भी भूमि विकास कार्यक्रम की परिकल्पना सीमित मात्रा में की गई है। पंजाब कृषि ऋण परियोजना केवल कृषि मशीनीकरण उपकरणों के वित्तपोषण के निमित्त तैयार की गई थी। कुछ अन्य कृषि ऋण परियोजनाओं, अर्थात् गुजरात, आंन्ध्र प्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक और हरियाणा की परियोजनाओं में भी ट्रैक्टरों का वित्तपोषण सीमित मात्रा में करने का प्रस्ताव था। पश्चिम बंगाल कृषि विकास परियोजना एक ऐसी समन्वित परियोजना है जिसमें लघु सिंचाई के साधनों के विकास के अतिरिक्त, कृषि सेवा केन्द्रों की स्थापना, बाजारों के विकास की ओर नदियों की उठाऊ सिंचाई करने वाली इकाइयों के कार्य की समाप्ति की परिकल्पना की गई है। केरल कृषि विकास परियोजना में काली मिर्च, नारियल, काजू जैसी बागानी फसलों के विकास और रबड़ का चूरा तैयार करने वाली फैक्टरियों की स्थापना का उद्देश्य रखा गया है।

5.8 लघु सिंचाई के निवेशों की मांग अन्य प्रकार के निवेशों की मांग से अधिक हो गई है। इसके निम्नलिखित कारण हैं: कृषि उत्पादन में वृद्धि लाने के लिए भूमिगत जल के तेजी से विकास पर और फसलों की अधिक उपजवाली किस्मों के तथा आधुनिक मूलभूत वस्तुओं के प्रयोग पर राष्ट्रीय आयोजना में बल दिया गया है। परन्तु इसके लिए पहले पर्याप्त सिंचाई सुविधाओं का होना आवश्यक होता है। चूंकि ऐसे प्रस्तावों पर कार्रवाई करने के सम्बन्ध में बैंकों को पर्याप्त अनुभव और विशेषज्ञता प्राप्त है, अतः विभिन्न कृषि ऋण परियोजनाओं के अधीन लघु सिंचाई निदेशों के लिए राशि तेजी से वितरित की गई। क्रियाविधि और नीतिगत मामलों के कारण पहले कार्यान्वयन में विलम्ब होता था। जैसे ही यह मामले तय हो जाते हैं, कृषि मशीनीकरण घटक सम्बन्धी कार्य भी पूरा किया जा सकता है। भूमि विकास के घटक के सम्बन्ध में भी आशा के अनुरूप प्रगति नहीं की जा सकी क्योंकि अपेक्षित क्षमता के विकास में समय लग गया। चूंकि अन्तर्राष्ट्रीय विकास संघ के ऋण के केवल एक अंश का उपयोग ही भूमि विकासकार्यक्रमों के वित्तपोषण के लिए किया गया था, अतः शेष राशि को लघु सिंचाई निवेशों को अन्तरित करना पड़ा क्योंकि उनके लिए काफी मांग थी।

5.9 जून 1978 के अन्त तक कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम नौ कृषि ऋण परियोजनायें समाप्त कर सका है। ये परियोजनायें इस प्रकार हैं—आन्ध्र प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, हरियाणा, गुजरात, पंजाब और उत्तर प्रदेश। इस वर्ष के दौरान उत्तर प्रदेश कृषि ऋण परियोजना समाप्त की गई। अन्तर्राष्ट्रीय विकास संघ के 2780 लाख डालर के ऋण का उपयोग करने हेतु कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम के स्तर पर इन परियोजनाओं में कुल 328 करोड़ रुपयों की राशि वितरित की गई।

5.10 संप्रति बिहार, पश्चिम बंगाल और केरल की कृषि ऋण/विकास परियोजनाओं का कार्यान्वयन किया जा रहा है। बिहार कृषि ऋण परियोजना के अधीन वित्तीय सहायता देने वाली संस्थाओं द्वारा जून 1978 के अन्त तक कुल 31 करोड़ रुपयों की राशि वितरित की गई। इस

परियोजना को जून 1978 के अन्त तक समाप्त किया जाना था किन्तु अब उनकी अवधि मार्च 1980 के अन्त तक बढ़ा दी गई है। मूल्यांकन के समय निवेश लागतों के बारे में जो धारणा की गई थी वस्तुतः उससे कम लागत आई है। इसका अर्थ यह है कि अन्तर्राष्ट्रीय विकास संघ द्वारा आबंटित ऋण का उपयोग किये जाने के लिये और अधिक राशि वितरित की जानी चाहिये। वित्तीय सहायता देने वाली संस्थाओं के स्तर पर वसूली के कार्य में अच्छी प्रगति का अभाव और कर्मचारियों की कमी जैसी कुछ परिचालन सम्बन्धी समस्याओं के कारण इसके पहले इस परियोजना की प्रगति अवरुद्ध हो गई थी। पश्चिम बंगाल कृषि विकास परियोजना के अधीन बैंकों द्वारा जून 1978 के अन्त तक कुल 11 करोड़ रुपयों की राशि वितरित की गई। जहां उथले नलकूपों से संबंधित कार्यक्रम की प्रगति संतोषजनक थी वहां गहरे नलकूपों का कार्यक्रम सन्तोषजनक प्रगति नहीं कर सका। राज्य जल बोर्ड के भूमिगत जल के लिये स्वीकृति प्रमाणपत्र मिलने में होने वाला विलम्ब भी एक अन्य कारण था जिसके कारण योजनाओं की मंजूरियां प्रदान करने में बाधा आई। तकनीकी दृष्टि से योग्य व्यक्तियों से अपेक्षित संख्या में आवेदन पत्र प्राप्त न होने के कारण कृषि सेवा केन्द्रों की स्थापना का कार्य भी पिछड़ गया। एक बाजार केन्द्र के निर्माण का कार्य सन्तोषजनक ढंग से चल रहा है। केरल कृषि विकास परियोजना में विशेष कृषि विकास यूनिट द्वारा 105 पैकेज इकाइयों का पता लगाया गया है इनमें से 22 इकाइयों का विकास कार्य पहले वर्ष के दौरान प्रारम्भ कर दिया जायेगा। इसके सन्दर्भ में निगम ने 3 इकाइयों की योजनाओं को सैद्धांतिक रूप से स्वीकार किया है जिनमें तीन प्रकार के निवेश किये जायेंगे। अन्य 43 इकाइयों की योजनाओं पर विचार किया जा रहा है जिनमें नारियल के पुनः रोपण, नये रोपण और काली मिर्च के पुनर्स्थापन जैसे निवेश शामिल हैं।

ग. सघन क्षेत्र विकास परियोजना

5.11 सघन क्षेत्र विकास की 7 परियोजनाओं में से राजस्थान में 2 और आन्ध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, उड़ीसा और कर्नाटक में एक एक परियोजना कार्यान्वित की जा रही है/की जानी है। अन्तर्राष्ट्रीय विकास संघ ने कर्नाटक सिंचाई परियोजना को हाल ही में स्वीकार किया है तथा वाशिंगटन में मई 1978 में सम्बन्धित करार निष्पादित किये गये। अन्तर्राष्ट्रीय विकास संघ के ऋण का अधिकांश भाग पक्की सतह वाली नहरों, नालियों, सड़कों के निर्माण जैसी मूल भूत सुविधाओं के निमित्त है तथा कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम का कार्य खतों के विकास और खेतों में पानी पहुंचाने वाली नालियों के निर्माण के लिये वित्तपोषण करना है।

5.12 राजस्थान नहर सघन क्षेत्र विकास परियोजना के अन्तर्गत कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम ने 970 चकों से सम्बन्धित लागत अनुमानों का अनुमोदन कर दिया है तथा राजस्थान भूमि विकास निगम ने 690 चकों के सम्बन्ध में वित्तीय मंजूरी भी प्रदान कर दी है। 580 चकों के सम्बन्ध में कार्य शुरू हो चुका है और 146 चकों के सम्बन्ध में वह समाप्त हो चुका है। इस परियोजना के अधीन कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम ने कुल 2.7 करोड़ रुपये वितरित किये हैं। इससे पहले योग्य कृषकों को भूमि के बड़े टुकड़ों के आबंटन में विलम्ब होने और भूमि के अन्तरण में कानूनी कठिनाइयां आने से परियोजना की प्रगति में बाधा उत्पन्न हो गई थी। चम्बल सघन क्षेत्र विकास परियोजना (राजस्थान) में कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम ने 18 जल ग्रहण क्षेत्रों की अनुमानित लागत का अनुमोदन कर दिया है तथा 12 जल ग्रहण क्षेत्रों में कार्य आरम्भ हो चुका है और भाग लेने वाले दो बैंकों द्वारा 16 लाख रुपये की राशि वितरित की जा चुकी है। योग्य कृषकों को भूमि आबंटित किये जाने में हुए विलम्ब से इस कार्य की प्रगति पर प्रभाव पड़ा।

5.13 महाराष्ट्र सिंचाई और सघन क्षेत्र विकास संयुक्त परियोजना और साथ ही, उड़ीसा सिंचाई परियोजना के अधीन भारत सरकार के साथ गौण पत्र (साईड लेटर)/वित्तीय करार के निष्पादन जैसी क्रियाविधि सम्बन्धी औपचारिकतायें पूर्ण हो चुकी हैं और उक्त परियोजनायें क्रमशः 13 और 16 जनवरी 1978 से अमल में आ गई है। महाराष्ट्र सिंचाई परियोजना की प्रगति का हाल ही में पुनरीक्षण किया गया। अन्य बातों के साथ साथ, भूमि विकास का कार्य जो किया जाना है उसके लिये अन्तरिम वित्तीय सहायता प्रदान करने और चूककर्ताओं की सीमित मात्रा तक नियमित ऋण प्रदान करने के लिये योग्य बनाने के लिये निर्णय जैसे क्रियाविधि को सरल बनाने के उपायों से परियोजना की प्रगति में तेजी आने की आशा है।

5.14 आन्ध्र प्रदेश सिंचाई और सघन क्षेत्र विकास की संयुक्त परियोजना के अधीन कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम ने 4.3 करोड़ रुपयों की वित्तीय सहायता वाले कार्यक्रम स्वीकार किये हैं। उनके अन्तर्गत 47,000 एकड़ भूमि आती है। कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम ने इस परियोजना के अधीन जून 1978 के अन्त में 45 लाख रुपयों की राशि वितरित की है। राज्य सरकार में अनिवार्य आधार पर किये गये भूमि विकास कार्य के लिये प्रभारों की वसूली करने हेतु एक अध्यादेश तैयार किया है जिसके शीघ्र जारी किये जाने की आशा है। मध्य प्रदेश चम्बल सघन क्षेत्र विकास परियोजना के अधीन ऐसी 28 योजनाओं की अनुमानित लागत का अनुमोदन कर दिया गया है जिसके अन्तर्गत 2575 हैक्टेयर क्षेत्र आता है। ऐसी 18 योजनाओं से संबंधित प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई है जिनके अन्तर्गत 1000 हैक्टेयर भूमि आती है। इनके लिये 3 बैंकों को 12.3 लाख रुपये की वित्तीय सहायता और 9·3 लाख रुपये की पुनर्वित्त सहायता प्रदान की गई है।

5.15 विभिन्न सघन क्षेत्र विकास परियोजनाओं के अधीन सघन क्षेत्र विकास कार्य में तेजी लाने के प्रश्न पर कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम द्वारा हाल ही में पुनरीक्षण

किया गया। खेत विकास कार्यक्रमों में भाग लेने वाले कृषकों को अब 3 श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है; (i) कृषक जिनके पास भूमि के सम्बन्ध में वैध स्वत्वधिकार है और जो कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम द्वारा निर्धारित सहमति बांड निष्पादित करने के लिये राजी हैं; (ii) कृषक जो सहमति बांड निष्पादित करने के लिये राजी तो है किन्तु भूमि पर जिनके स्वत्वधिकार स्पष्ट नहीं है और जो चूककर्ता हैं, और (iii) कृषक जो सहमति बांड निष्पादित करने के लिये राजी नहीं है। जहां श्रेणी (i) के अन्तर्गत आने वाले कृषकों को सरकार की गारन्टी पर जोर दिये बिना ऋण प्रदान किये जायेंगे वहां श्रेणी (ii) के अन्तर्गत आने वाले कृषकों के मामले में संबंधित राज्य सरकारों की गारन्टी के अधीन ही ऋण दिये जायेंगे। श्रेणी (iii) के अन्तर्गत आने वाले कृषकों को "विशेष ऋण लेखा" में से ऋण दिये जायेंगे। उक्त "लेखा" में भारत सरकार कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम और संबंधित राज्य सरकारों द्वारा 50 : 25 : 25 के अनुपात में अंशदान किये जा रहे हैं। जून 1978 के अन्त तक सात राज्यों ने "विशेष ऋण लेखा" में भारत सरकार की राशि के बराबर की राशि का अंशदान किया है और उक्त लेखा में 4.6 करोड़ रुपये की राशि जमा है। कषकों के पुनवर्गीकरण और भूमि विकास निगमों को तदर्थ ऋण उपलब्ध कराने के निर्णय से विभिन्न राज्यों में सघन क्षेत्र विकास की प्रगति में तेजी आने की आशा है।

5.16 सघन क्षेत्र विकास परियोजनाओं के अधीन खेत विकास कार्यों के लिये अन्तरिम वित्त के वितरण और समायोजन हेतु निगम ने हाल ही में विस्तृत मार्गदर्शी सिद्धान्त बनाये हैं। ये सिद्धांत विकास की गति में तेजी लाने के लिये कार्यकारी प्राधिकारियों को भेजे जाएंगे।

घ. डेरी विकास परियोजनायें

5.17 डेरी विकास की तीन समन्वित परियोजनायें राजस्थान, मध्य प्रदेश और कर्नाटक राज्यों में कार्यान्वित की जा रही है। मध्य प्रदेश डेरी विकास परियोजना के अन्तर्गत 254 डेरी सहकारी संस्थाओं और 3 डेरी संघों की स्थापना की गई है। कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम ने 3 डेरी संघों में तकनीकी सेवाओं के घटक के लिये अपना अनुमोदन प्रदान किया है। कर्नाटक डेरी विकास परियोजना के अन्तर्गत 4 डेरी संघों का पंजीकरण किया गया है। कृत्रिम गर्भाधान से संबंधित तकनीकी प्रस्तावों के तैयार किये जाने में कुछ विलम्ब हुआ था क्योंकि भारत सरकार ने द्रव वीर्य के स्थान पर जमे हुए वीर्य की तकनीक का प्रयोग करने का निर्णय किया। राजस्थान में 656 डेरी सहकारी संस्थाओं और 4 डेरी संघों की स्थापना की गई है। सांडों की नस्ल तैयार करने के एक फार्म से संबंधित प्रस्ताव का भी अनुमोदन किया गया है।

5.18 परियोजनाओं के अधीन प्रलेखन की प्रियाविधि को अन्तर्राष्ट्रीय विकास संघ द्वारा काफी सरल बना दिया गया है। इस परियोजना के अन्तर्गत जून 1978 के अन्त तक कोई राशि वितरित नहीं की गई है। इस परियोजना के अधीन ऋण के एक वैकल्पिक माध्यम के रूप में भारतीय डेरी निगम को शामिल किये जाने का भी प्रस्ताव है। चूंकि भारतीय डेरी निगम डेरी विकास निगमों को कम ब्याज दरों पर तथा अपेक्षाकृत अधिक लम्बी अवधि के लिये ऋण प्रदान करने के लिये राजी हो सकता है अतः यह संभव नहीं प्रतीत होता कि ये नियम अभिसंस्करण सम्बन्धी घटकों के लिये कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम से पुनर्वित्त प्राप्त करें।

ङ. बाजार केन्द्र परियोजनाएं

5.19 दो परियोजनाओं में से बिहार कृषि बाजार परियोजना की प्रगति सन्तोषजनक है। बिहार बाजार केन्द्र परियोजना के अधीन कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम ने 47 बाजारों के लिये 14.8 करोड़ रुपयों के पुनर्वित्त की मंजूरी दी है और उसमें सहभागिता करने वाले बैंक ने अब तक 9.1 करोड़ रुपये निकाले हैं। बाजार स्थानों के लिये भूमि प्राप्त करने में हुए विलम्ब और कुछ मामलों में भूमि के मालिकों द्वारा पैदा की गई कानूनी रुकावटें इस परियोजना की धीमी प्रगति के मुख्य कारण है। यह ज्ञात हुआ है कि सिंहा इंस्टीट्यूट में एक मूल्यांकन अध्ययन दल ने तीन बाजारों पर रिपोर्टें तैयार की हैं। बाजारों के निर्माण के लिये आवश्यक तकनीकी स्टाफ पहले अपर्याप्त था, परन्तु अब उसमें वृद्धि कर दी गई है। कुछ बाजारों में व्यापारियों को इस बात के लिये राजी करने में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है कि वे नये बाजार केन्द्रों में आ जायें, क्योंकि यदि ऐसा न हुआ तो इससे बाजार केन्द्रों के हितों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

5.20 कर्नाटक थोक कृषि बाजार परियोजना के अधीन चयन किये गये 39 बाजारों में से 26 प्रस्तावों के लिये बैंक ऋण का अनुमोदन किया गया। वित्त प्रदान करने की पद्धति में भी कतिपय परिवर्तन किये गये हैं। संशोधन के अनुसार बाजार के बिचौलिये पट्टे पर/किराया-खरीद आधार पर या किराये पर दुकान-व-गोदाम प्राप्त कर सकते हैं। बाजार से संबंधित विचाराधीन प्रस्तावों का भी बाजार परामर्शदाता द्वारा पुनर्मूल्यांकन किया जा रहा है ताकि वे परियोजना की अपेक्षाओं के अनुरूप हों। बाजार केन्द्रों के लिये भूमि प्राप्त करने में कठिनाई, सीमेंट की कमी, राज्य विपणन विभाग के इंजीनियरी कक्ष में इंजीनियरी कर्मचारियों की अत्यधिक कमी आदि विकास की दिशा में मुख्य बाधायें थीं।

च. सूखाग्रस्त क्षेत्र परियोजना

5.21 अन्तर्राष्ट्रीय विकास संघ की सहायता प्राप्त सूखा ग्रस्त क्षेत्र परियोजना के अधीन महाराष्ट्र, कर्नाटक, आन्ध्र प्रदेश और राजस्थान के 6 जिले आते हैं। इस परियोजना के अन्तर्गत कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम के लिये कोई विशेष ऋण आबंटित नहीं किया गया है और सामान्य ऋण में से खेत विकास के लिये ऋण दिया जाता है। उक्त परियोजना के अन्तर्गत लघु सिंचाई तथा विविध उद्देश्यों के

लिये 24 योजनायें स्वीकृत की गई हैं जिनके लिये कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम के वायदों की राशि 2.6 करोड़ रुपये है और कुल 71 लाख रुपये की राशि पुनर्वित्त के रूप में वितरित की गई है।

छ. बीज परियोजनाएं

5.22 सबसे पहली परियोजना अर्थात् तराई बीज परियोजना समाप्त कर दी गई है।

राष्ट्रीय बीज परियोजना के प्रथम चरण के अधीन आन्ध्र प्रदेश, हरियाणा, पंजाब और महाराष्ट्र राज्य आते हैं। उक्त परियोजना के प्रथम चरण के अन्तर्गत पंजाब में पंजाब राज्य खेत निगम के लिये एक योजना स्वीकार की गई है। आन्ध्र प्रदेश में 2 केन्द्रों में बीज अभिसंस्करण संयंत्रों के लिये बैंकिंग योजना को अन्तिम रूप दे दिया गया है और उसकी सूचना बैंकों को दे दी गई है।

5.23 राष्ट्रीय बीज परियोजना के दूसरे चरण के अन्तर्गत बिहार, कर्नाटक, उड़ीसा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के राज्य आते हैं। इसके सम्बन्ध में अन्तर्राष्ट्रीय विकास संघ के साथ हाल ही में अप्रैल 1978 में बातचीत की गई थी और उसे जून 1978 में अन्तर्राष्ट्रीय विकास संघ द्वारा स्वीकार कर लिया गया। उक्त संघ द्वारा दी जाने वाली सहायता 160 लाख डालर की है जिसमें से 145 लाख डालर कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम के माध्यम से दिये जायेंगे। उक्त परियोजना में अनाजों, मूंगफली और वनस्पतियों के उच्च कोटि के बीजों के उत्पादन पर बल दिया गया है। परियोजना के पूर्ण रूप से कार्यान्वित हो जाने पर बीज उत्पादन में लगभग 125 लाख टन की वृद्धि होगी। इस परियोजना के अधीन पांच राज्यों में परिकल्पित निवेशों के वित्तपोषण के लिये बैंकिंग योजना को अन्तिम रूप दिया जा रहा है।

ज. समन्वित रूई विकास परियोजना

5.24 समन्वित रूई विकास परियोजना के अन्तर्गत विशिष्ट परियोजना क्षेत्रों में रूई की अनुमोदित किस्मों के उत्पादन के लिये मौसमी अल्पावधि ऋण तथा रूई की ओटाई करने वाली और बीज अभिसंस्करण इकाइयों के लिये मीयादी ऋण प्रदान करने की व्यवस्था है। कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम ने 1977-78 में खरीफ मौसम के लिये कुल 4.4 करोड़ रुपये की मौसमी ऋण सीमायें स्वीकृत की हैं। यद्यपि रूई की अनुमोदित किस्मों के उत्पादन में हैक्टेयर क्षेत्र का लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है फिर भी मौसमी ऋण वितरण और पुनर्वित्त सहायता का उपयोग सन्तोषजनक नहीं रहा है। बैंकों द्वारा वितरित कुल राशि 1.8 करोड़ रुपये थी जबकि पिछले वर्ष यह राशि 76 लाख रुपये थी। इसमें पुनर्वित्त सहायता की राशि केवल 58 लाख रुपये थी। इस परियोजना के अधीन कम पुनर्वित्त सहायता लिये जाने के मुख्य कारण इस प्रकार हैं—दो राज्य सहकारी बैंकों द्वारा पुनर्वित्त न लिया जाना, बजट के साधनों में से पंजाब और हरियाणा सरकारों द्वारा कीटनाशक वायवीय छिड़काव कराया जाना, कृषकों द्वारा आवश्यकता से कम उर्वरकों का उपयोग किया जाना और चूककर्ताओं का बने रहना। वर्ष 1978-79 के लिये पुनर्वित्त और विकास निगम द्वारा दो बैंकों को 30 जून 1978 तक 2.4 करोड़ रुपयों की ऋण सीमायें स्वीकार की गई हैं तथा अन्य सहभागी बैंकों के आवेदन पत्रों की प्रतीक्षा की जा रही है।

5.25 रूई की ओटाई करने वाले तथा अभिसंस्करण करने-वाले घटकों के सन्दर्भ में हरियाणा से रूई की ओटाई करने वाली तथा बिनौला अभिसंस्करण इकाइयों के लिये प्रस्ताव प्राप्त किये गये हैं। कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम द्वारा तैयार की गई व्यवहार्यता रिपोर्टें हरियाणा सरकार तथा अन्तर्राष्ट्रीय विकास संघ द्वारा स्वीकार कर ली गई हैं। इसके पहले हरियाणा सहकारी आपूर्ति और विपणन महासंघ राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम से वित्तीय सहायता लेने का विचार कर रहा था और इससे कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम के कार्य के सम्बन्ध में कुछ अनिश्चितता उपन्न हो गई थी। अब यह निश्चय किया गया है कि हरियाणा सहकारी आपूर्ति और विपणन महासंघ कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम से सहायता प्राप्त करेगा। रूई की ओटाई करने वाली तथा बिनौला अभिसंस्करण इकाइयों की स्थापना के लिये आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। संप्रति पर्याप्त क्षमता होने के कारण पंजाब में रूई की ओटाई और अभि-संस्करण सुविधाओं तथा महाराष्ट्र में रूई की ओटाई की सुविधाओं के आधुनिकीकरण के लिये कोई मांग प्राप्त नहीं हुई है। अन्तर्राष्ट्रीय विकास संघ से प्राप्त ऋण के अधिक उपयोग करने के कई प्रस्ताव भारत सरकार, राज्य सरकारों तथा कृषि पुनर्वित्त और विकास नियम के विचाराधीन हैं।

झ. मत्स्य पालन परियोजनाएं

5.26 विश्व बाजारों में झींगा मछली की बिक्री के लिये अच्छे अवसर हैं और भारत के सारे समुद्र तट पर यह मछली विपुल मात्रा में उपलब्ध है। इस बात को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार समुद्री मत्स्य पालन के विकास को सबसे अधिक महत्व देती है। अतः सरकार ने इसकी संभाव्यताओं का पूरा उपयोग करने के लिये अन्तर्राष्ट्रीय विकास संघ की सहायता की अपेक्षा की है। अन्तर्राष्ट्रीय विकास संघ द्वारा दो परियोजनायें स्वीकार कर ली गई हैं—एक गुजरात में और दूसरी आंध्र प्रदेश में। गुजरात मत्स्य-पालन परियोजना जुलाई 1977 में अमल में आई और इस परियोजना के अन्तर्गत बैंकिंग योजना को इस वर्ष के दौरान अन्तिम रूप दिया गया। गुजरात राज्य सरकार ने यंत्र-चालित मछलीमार नावों के लिये कृषकों को सीधे उपदान देना बन्द कर दिया है और परियोजना पर विचार विमर्श के दौरान हुए समझौते के अनुसार नाव जोखिम निधि में अंशदान देने का निश्चय किया है।

5.27 आन्ध्र प्रदेश मत्स्य पालन परियोजना के संबन्ध में अन्तर्राष्ट्रीय विकास संघ के अधिकारियों के साथ हाल ही में अप्रैल 1978 में बातचीत की गई। उक्त परियोजना मुख्य उद्देश्य आन्ध्र प्रदेश में समुद्री मत्स्यपालन के उत्पादन में वृद्धि करना है। इस कार्य के लिये राज्य के तीन महत्वपूर्ण बन्दरगाहों अर्थात् विशाखापट्टनम, काकीनाड़ा और निजामपट्टनम में सुधार लाया जायेगा। इस सन्दर्भ में यंत्रचालित और यंत्ररहित दोनों प्रकार की मछलीमार नावों को प्राप्त करने के लिये ऋण दिया जायेगा। ये नवें निजी कम्पनियों और सहकारी समितियों के स्वामित्व की होगी और उनके द्वारा चलाई जायेंगी। इस परियोजना के लिये अन्तर्राष्ट्रीय विकास संघ द्वारा 175 लाख डालर का ऋण प्रदान किया जायेगा जिसमें से 39 लाख डालर कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम के माध्यम से प्रदान किये जायेंगे। उक्त परियोजना में 3 समुद्री मत्स्यपालन वाले जिलों के तट पर बड़ी संख्या में बसे मछुओं के गांवों तक प्रवेश मार्ग बनाकर छोटे मछुओं की उत्पादन क्षमता में वृद्धि करने की परिकल्पना की गई है। यह परियोजना जून 1978 में अन्तराष्ट्रीय विकास संघ द्वारा स्वीकार की गई है। और 19 जून 1978 को तत्सम्बन्धी करारों पर हस्ताक्षर भी किये गये हैं।

ञ. बागबानी परियोजनाएं

5.28 हिमाचल प्रदेश सेब अभिसंस्करण और विपणन परियोजना के अन्तर्गत कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम ने सेबों की पैकिंग तथा श्रेणी निश्चित करने वाले 10 केन्द्रों और एक वाहनान्तरण केन्द्र के लिये पुनर्वित्त सहायता मंजूर की है। हिमाचल प्रदेश बागबानी उपज विपणन और अभिसंस्करण निगम ने 2 श्रेणी निश्चित करने वाले केन्द्रों और पैकिंग केन्द्रों के लिये मशीनों का आयात भी किया है। एक वाहनान्तरण केन्द्र में निर्माण कार्य पूरा हो चुका है जबकि दूसरे केन्द्र में शीतगृह संयंत्र की स्थापना का कार्य फरवरी 1979 के अन्त तक पूरा होने की आशा की जाती है। कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम ने हाल ही में एक रस अभिसंस्करण संयंत्र लगाने की योजना स्वीकार की है। कृषि-पुनर्वित्त और विकास निगम ने इस परियोजना के अन्तर्गत 14 लाख रुपयों की राशि वितरित की है।

5.29 मई 1978 में अन्तर्राष्ट्रीय विकास संघ द्वारा जम्मू व काश्मीर बागबानी परियोजना स्वीकार की गई है। उक्त परियोजना के लिये अन्तर्राष्ट्रीय विकास संघ ने 140 लाख डालर का ऋण मंजूर किया है जिसमें से 120 लाख डालर कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम के माध्यम से प्रदान किये जायेंगे। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य राज्य में उत्पादन किये जाने वाले सेबों की विपणन व्यवस्था में सुधार लाना है। कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम निम्नलिखित के लिये वित्तीय सहायता प्रदान करेगा : सेबों को श्रेणीबद्ध करने और उनका विपणन करने वाले लगभग 25 केन्द्रों और शीतगृहों का निर्माण, एक सेब रस अभिसंस्करण कारखाने* और अखरोटों को छीलने/सुखाने तथा पैकिंग करने की विभिन्न क्षमतावाले केन्द्रों तथा एक अखरोट निर्यात अभिसंस्करण केन्द्र का निर्माण। साथ ही वह सेब अखरोट और कुक्कुरमुत्ता उगाने वालों के लिये लगभग दो करोड़ रुपयों के मौसमी ऋण भी प्रदान करेगा।

*आलोच्य वर्ष की समाप्ति के बाद यह निर्णय किया गया है कि परियोजना के इस घटक के लिये भारतीय औद्योगिक विकास बैंक वित्तीय सहायता प्रदान करेगा।

ट. सिंचाई परियोजना

